फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 58, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 26 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# मेरा नाम सावरकर नहीं, गांधी है: राहुल गांधी

## लोकसभा सदस्यता की परवाह नहीं, सवाल पूछता रहूंगा, मैं अडानी के मुद्दे पर सवाल पूछता रहूंगा, वे मुझे अयोग्य ठहराकर या मुझे जेल में डालकर डरा नहीं सकते। मैं पीछे नहीं हटूंगा: राहुल



**नई दिल्ली:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें लोकसभा की सदस्यता जाने की कोई परवाह नहीं है। वह सच बोलते रहेंगे और सत्ता से सवाल पूछते रहेंगे। राहुल गांधी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि भारत में लोकतंत्र पर हमले हो रहे हैं और समय-समय पर इसके उदाहरण सामने आते रहते हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार से सवाल पूछा कि अडानी की शेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ रुपये निवेश किसने किया। यह पैसा अडानी का नहीं है। यह पैसा किसने दिया? कहां से आया? यह सवाल बना हुआ है। लेकिन सरकार ने इस मुद्दे पर कोई जवाब नहीं दिया। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी और गौतम अडानी के रिश्ते को लेकर उन्होंने सवाल पूछा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उनके संबोधन को लोकसभा की कार्यवाही से हटा दिया गया। संसद में उन्हें बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि लगातार मोदी सरकार देश की लोकतंत्र पर हमला कर रही है। लोगों से बोलने का अधिकार छीन रही है। उन्होंने कहा कि मैं अडानी के मुद्दे पर सवाल पूछता रहूंगा, वे मुझे अयोग्य ठहराकर या मुझे जेल में डालकर डरा नहीं सकते। मैं पीछे नहीं हटूंगा। मैं यहां भारत के लोगों की लोकतांत्रिक आवाज की रक्षा के लिए हूं। राहुल ने कहा कि संसद में मंत्रियों ने उन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मंत्रियों ने मेरे बारे में झूठ बोला कि मैंने विदेशी हस्तक्षेप का आान किया, मैंने ऐसा नहीं किया। राहुल ने कहा कि उनकी अयोग्यता का पूरा खेल अडानी मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए रचा गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह आरोपों का जवाब संसद में देना चाहते थे। लेकिन उन्हें बोलने का समय नहीं दिया गया। उन्होंने अपना पक्ष रखने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से समय मांगा। इस संबंध में उन्होंने पत्र लिखा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। एक सवाल के जवाब में राहुल ने कहा कि राजनीति उनके लिए फैशन नहीं है, बल्कि तपस्या है। यह तपस्या वह जारी रखेंगे। सरकार से वह डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने हमेशा समाज जोड़ने की बात की है। उन्होंने कभी भी ओबीसी समाज का अपमान नहीं किया है। भाजपा मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए तरह-तरह के आरोप उन पर लगाती रही है। राहुल गांधी के समर्थन में आये राजनीतिक दलों का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे समर्थन देने के लिए मैं सभी विपक्षी दलों को धन्यवाद देता हूं, हम सब मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की घबराहट की प्रतिक्रिया से विपक्ष को सबसे ज्यादा फायदा होगा। इस सरकार के लिए देश अडानी है और अडानी देश है।

**मेरा नाम गांधी है और मैं किसी से माफी नहीं मांगता:** राहुल ने कहा कि सरकार ने विपक्ष को एक हथियार दे दिया है। उन्होंने कहा कि मैं बस सच देखता हूं और सच बोलता हूं। मुझे किसी और चीज में दिलचस्पी नहीं है। यह मेरे खून में है। मेरा नाम गांधी है और मैं किसी से माफी नहीं मांगता।

### राजनीति कर रही कांग्रेस, पूछा क्यों नहीं लिया स्टे: बीजेपी




**नई दिल्ली: भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर उनकी लोकसभा सदस्यता जाने के मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि बड़े-बड़े वकील होने के बावजूद भी पार्टी राहुल गांधी के मसले पर दोष सिद्धि पर रोक लगाने के लिए कोर्ट क्यों नहीं गई। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर कहा कि उनकी सदस्यता का मुद्दा अडानी मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए है। राहुल गांधी के आरोपों के खिलाफ पत्रकार वार्ता में भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी लगातार झूठ बोल रहे हैं। सूरत कोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के तहत उन्हें सजा सुनाई है। इस सजा पर वे या उनकी पार्टी चाहती तो स्टे ले सकती थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसी के चलते प्रक्रिया के तहत उनकी लोकसभा सदस्यता गई।

# 'कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर बरतें सावधानी'



**नई दिल्ली: देश में** इंफ्लूएंजा (फ्लू) के साथ कोरोना के मामले एक बार फिर से तेजी से बढ़ने लगे हैं। इसको लेकर शनिवार को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक राजीव बहल और स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने संयुक्त रूप से राज्यों को कोरोना की स्थिति पर खास एहतियात बरतने के निर्देश जारी किए हैं।

राज्यों को लिखी गई चिट्ठी में सरकार ने कोरोना की जांच बढ़ाने और बीमारी के त्वरित और प्रभावी प्रबंधन के लिए जरूरी उपायों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है। पत्र में लिखा गया है कि फरवरी के मध्य में कोरोना मामले तेजी से बढ़े हैं। खासकर केरल (26.4 प्रतिशत), महाराष्ट्र (21.7 प्रतिशत), गुजरात (13.9 प्रतिशत), कर्नाटक (8.6 प्रतिशत) और तमिलनाडु (6.3 प्रतिशत) में कोरोना के मामले तेजी से बढ़े हैं।

# सबका प्रयास से भारत विकसित राष्ट्र बनने की राह पर : मोदी

## वोट बैंक की राजनीति के लिए, कुछ दलों ने भाषाओं का 'खेल' खेला, चिक्कबल्लापुर में श्री मधुसूदन साई आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन किया



**चिक्कबल्लापुर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चिकित्सा शिक्षा में भाषा की चुनौती का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीतिक स्वार्थ और वोट-बैंक की राजनीति के लिए कुछ दलों ने भाषाओं के साथ खेल खेला। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने कन्नड़ सहित सभी भारतीय भाषाओं में मेडिकल की पढ़ाई का विकल्प दिया है। भाजपा सरकार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी की भागीदारी पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि 'सबका प्रयास' से भारत विकसित राष्ट्र बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर में श्री मधुसूदन साई आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान (एसएमएसआईएमएसआर) का उद्घाटन किया। संस्थान सभी को पूरी तरह से निःशुल्क चिकित्सा शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल की सुविधा प्रदान करेगा। यह शैक्षणिक वर्ष 2023 से अपना कामकाज शुरू कर देगा। प्रधानमंत्री ने चिकित्सा शिक्षा में भाषा की चुनौती का जिक्र किया और अफसोस जताया कि पूर्व में चिकित्सा शिक्षा में स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए अपर्याप्त प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि इसके कारण गांव और पिछड़े समाज से आने वाले युवाओं के लिए डॉक्टर बनना बहुत कठिन था। प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ और वोट-बैंक की राजनीति के लिए कुछ दलों ने भाषाओं के साथ खेल खेला।. लेकिन सही मायने में भाषा

# उप्र अब माफिया नहीं, महोत्सव का प्रदेश बन चुका है : योगी



**लखनऊ: उत्तर प्रदेश की योगी** सरकार ने शनिवार को अपने दूसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले छह वर्ष में उत्तर प्रदेश के प्रति देश और दुनिया का नजरिया बदला है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। उप्र अब माफिया नहीं, महोत्सव का प्रदेश बन चुका है। लोकभवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 6 वर्ष पहले यूपी कहां था, इन 6 साल में जो परिवर्तन हुआ है, वह इस गाथा को सबके सामने रखता है। ये 6 साल यूपी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। पूर्ण बहुमत की सरकार और इसकी स्थिरता का मतलब क्या होता है, यह भाजपा सरकार ने यूपी के अंदर परस्पर समन्वय संवाद के माध्यम से प्राप्त किया। योगी ने कहा कि 6 साल में हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से यूपी के समग्र विकास की जो कार्ययोजना बनाई थी, पूरी ईमानदारी से उसे लागू करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया। परिणाम सबके सामने है। पहले यूपी के अंदर परंपरागत जाति, मत-मजहब, भ्रष्टाचार, परिवारवाद के नाम पर जो राजनीति होती थी, उससे अलग हटकर हमने यहां की पहचान यूपी के अनुरूप असीम संभावनाओं वाले प्रदेश के रूप में बढ़ाने के लिए 10 सेक्टर चिह्नित किए, जिस पर पूरी टीम ने काम किया।

**छह में से 3 साल कोरोना से लड़ते हुए काम किया:** सीएम ने कहा कि 6 में से 3 साल कोरोना से लड़ते-जूझते हुए काम हुए। यूपी ने इस दौरान अनेक उपलब्धियां हासिल कीं। जिस यूपी के बारे मे कहा जाता था कि वह विकास नहीं कर सकता, पीएम की सभी फ्लैगशिप योजनाओं में आज वह नंबर एक की दौड़ में है। यूपी के इन्फ्रास्ट्रक्चर की चर्चा पूरे देश में हो रही है। कोरोना के संकट काल में लोगों को हर महीने दो-दो बार मुफ्त राशन दिया गया। ओडीओपी ने हर श्रमिक को रोजगार प्रदान किया है। विपत्ति के समय में चुनौती के साथ कैसे काम होता है।

### सरकार के 'यूपी खुशहाल' का दावा कागजी और हवा-हवाई: मायावती

**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार ने शनिवार को अपने दूसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा किया। इस पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को ट्वीट करते हुए कहा कि सरकार के ह्ययूपी खुशहालह्व का किए जा रहे दावे अधिकतर कागजी और हवा-हवाई हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट करते हुए कहा कि राज्य सरकार के छह साल पूरे होने को लेकर महंगे एवं खचीर्ले प्रसार-प्रचार के माध्यम से ।

# श्रद्धा हत्याकांड: आरोपित आफताब ने फिर बदल दिया अपना वकील





**नई दिल्ली:** बहुचर्चित श्रद्धा हत्याकांड मामले में शनिवार को साकेत कोर्ट में आफताब ने अपना वकील फिर बदल लिया है। आफताब ने विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मिले वकील को बदलते हुए अधिवक्ता अक्षय भंडारी को अपना वकील नियुक्त किया है। कोर्ट ने आफताब से कहा कि अगर वकील बदला तो दलील रखने के लिए दोबारा समय नहीं दिया जाएगा। एडिशनल सेशंस जज मनीषा खुराना कक्कड़ ने मामले की अगली सुनवाई 31 मार्च को करने का आदेश दिया। आज आफताब की ओर से दलीलें रखी जानी थीं लेकिन वकील बदलने के बाद आफताब के नए वकील अक्षय भंडारी ने दलील रखने के लिए समय देने की मांग की। श्रद्धा के पिता की ओर से पेश वकील ने ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग देने की मांग की और कोर्ट को भरोसा दिया कि वो उसका खुलासा कहीं नहीं करेंगे। कोर्ट ने फिलहाल श्रद्धा के वकील को ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने इस पर आफताब और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। 20 मार्च को दिल्ली पुलिस ने साकेत कोर्ट को बताया था आफताब ने सोच समझ कर इस घटना को अंजाम दिया है। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि परिस्तिथिजन्य साक्ष्य से पता चलता है कि श्रद्धा और आफताब का लिव-इन रिलेशन हिंसक था। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया था कि श्रद्धा प्रैक्टो ऐप के जरिये डॉक्टरों से परामर्श भी ले रही थी। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में श्रद्धा की काउंसलिंग का वीडियो प्ले कर दिखाया था, जिसमें श्रद्धा कह रही है ।

# पीएम की प्रतिबद्धता के अनुरूप है प्रोजेक्ट चीता: भूपेन्द्र यादव



**नई दिल्ली: केंद्रीय** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रोजेक्ट चीता पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीवन संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि इससे ईको-विकास और ईको-टूरिज्म गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय समुदायों के लिए आजीविका के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के साथ वन्य जीवन और पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। शुक्रवार को आयोजित सलाहकार समिति ने परियोजना चीता के बारे में विस्तृत चर्चा की और अफ्रीकी देशों से भारत में चीतों के सफल स्थानांतरण के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की। इसके अलावा, संसद सदस्यों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में वन और वन्य जीवन से संबंधित मुद्दों और समाज और वन्यजीव संरक्षण के मुद्दों को उठाया ।

# योगी सरकार का छह साल शोषित वर्ग के लिए अभिशाप : बृजलाल



**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश में योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने झूठ का ढ़िढ़ोरा पीटने वाला बताया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का लगातार छह वर्ष प्रदेश में विकास, सुशासन, किसानों, नौजवानों, महिलाओं, छात्रों, श्रमिकों, गरीब, कमजोर, शोषित एवं सर्वहारा वर्ग के लिए अभिशाप के रूप में जाना जायेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार संवैधानिक मूल्यों और कानून का राज कायम रखना तो दूर एक नया तंत्र- बुल्डोजर तंत्र का इजाद कर लोकतंत्र और संविधान की मयार्दा को भी धूल धूसरित करने का कार्य किया है। भाजपा का कभी भी लोकतंत्र पर विश्वास नहीं रहा। यही कारण है कि विपक्षी दलों के नेताओं को येन-केन-प्रकारेण कुचलने में जुटी रही, जिसे प्रदेश की जनता कभी नहीं भूलेगी और इसका खामियाजा भारतीय जनता पार्टी को भुगतना पड़ेगा। बृजलाल खाबरी ने कहा कि उ.प्र. में विकास के नाम पर सिर्फ स्थानों के नाम बदलना, इमारतों के रंग बदलना ही विकास ही योगी सरकार की उपलब्धियां रही हैं, जबकि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, घोटाले अपने चरमोत्कर्ष पर हैं। भर्तियों के नाम पर युवाओं के साथ धोखा सिर्फ धोखा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूरी तरह से भय, घृणा और नफरत का माहौल व्याप्त है। प्रशासन के सामने मां और बेटी को जिंदा जलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का किसानों की आय दोगुनी करने, युवाओं को रोजगार देने, महिला सुरक्षा, का वादा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है।

## गृहमंत्री ने जवानों को वीरता पदक-विशिष्ट सेवा पदक से किया सम्मानित

# सीआरपीएफ की बदौलत हो रहा नक्सलियों का खात्मा



**जगदलपुर: सीआरपीएफ** के 84वां स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। केंद्रीय गृहमंत्री ने आतंकी और नक्सल घटनाओं में अदम्य साहस दिखाने वाले अधिकारियों और जवानों को वीरता पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में अमित शाह ने कई विकास कार्यों और भवनों का लोकार्पण किया, वहीं हल्बी समाचार बुलेटिन का भी शुभारंभ किया। वीरता पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित जवानों में स्व. हवलदार दीप चंद्र वर्मा को उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस और अपने प्राणों के सर्वोच्च बलिदान हेतु उन्हें मरणोपरांत वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। शहीद दीपचंद्र वर्मा की धर्मपत्नी सरोज ने पदक ग्रहण किया। 18 फरवरी 2020 को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जंगल क्षेत्र में, नक्सलियों द्वारा घात लगाकर किए गये अंबुश के दौरान 208 कोबरा के सिपाही कनई मांझी को मरणोपरांत वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। सिपाही कनई मांझी की धर्मपत्नी पापीया मांझी ने पदक ग्रहण किया। सिपाही रोहित कुमार ने दो कुख्यात माओवादियों को मार गिराया। इनके द्वारा प्रदर्शित कुशल सामरिक रणनीति एवं युद्ध कौशल हेतु इन्हें वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। बाद में 19 अप्रैल 2019 को एक भीषण सड़क दुर्घटना में उनकी असामयिक मृत्यु हो गई। स्वर्गीय सिपाही रोहित कुमार की धर्मपत्नी प्रिया ने पदक ग्रहण किया। श्रीनगर के छत्ताबल के घनी आबादी वाले क्षेत्र में नरेश कुमार ने लश्कर ए तैयबा के तीन दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया। इन्हें वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

# उत्तराखंड पुलिस 50 टॉप अपराधियों की सूची करेगी तैयार

**देहरादून:** उत्तराखंड में अब अपराधियों पर पुलिस कहर बनकर टूटेगी। इसके लिए स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को राज्य के 50 टॉप अपराधियों की सूची तैयार करने और उनपर निगरानी रखने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही साइबर कमांडो के बेहतरीन कार्य के लिए पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया जाएगा। शनिवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार की ओर से नये-नये साइबर प्रशिक्षण के समापन के मौके पर एसटीएफ में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों,कर्मचारियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि अब ऐसे पुलिसकर्मी जो साइबर अपराधों की रोकथाम व अनावरण में जनपद स्तर पर विशिष्ट कार्य करेंगे उनको जनपद स्तर पर साइबर कमांडो और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले को राज्य साइबर कमांडो से पुरस्कृत किया जायेगा। इसके अलावा एसटीएफ को प्रदेश के टॉप 50 अपराधियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये गये, जो उत्तराखण्ड में आपराधिक गतिविधियों में लगातार शामिल है। अब उन पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

साइबर अपराधों के सफल निस्तारण और कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए एसटीएफ के तत्वाधान में जनपदों की साइबर सेल में नियुक्त 100 कर्मचारियों को चार चरणों में नये-नये साइबर तकनीकों की जानकारी के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

## खबर संक्षेप

### फरार चल रहे दो वारंटी अभियुक्त हुए गिरफ्तार

**सहसों।** थाना सराय इनायत पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय प्रयागराज के संज्ञान में विभिन्न आपराधिक धाराओं में निरुद्ध वांछित फरार चल रहे दो वारंटी अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र छेदीलाल निवासी ग्राम बगई खुर्द 56 वर्षीय थाना सराय इनायत एवं मुन्ना लाल पुत्र राम खेलावन निवासी ग्राम बगई खुर्द 50 वर्षीय थाना सराय इनायत को पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। सराय इनायत पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक दयाराम चौकी प्रभारी सहसों थाना सराय इनायत, उप निरीक्षक उत्कर्ष सिंह थाना सराय इनायत, हेड कांस्टेबल समीम खां थाना सराय इनायत, कांस्टेबल अभिषेक सिंह थाना सराय इनायत एवं कांस्टेबल लोकेन्द्र चौधरी थाना सराय इनायत शामिल रहे।

# हैवानियत की हदें पार,पिता ने बडी बेटी की हत्या कर कब्रिस्तान में दफनाया

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रयागराज इलाके में सनसनीखेज मामला सामने आया है। घर से भागी दो लड़कियों के वापस आने पर हैवान बने पिता ने बड़ी लड़की को मारकर कब्रिस्तान में दफना दिया। दूसरी को बंधक बनाकर रखा था। उसको भी मारने के फिराक में था, लेकिन इसकी भनक पुलिस को लग गई और पूरा मामला खुल गया। जिससे दूसरी लड़की की जान बच गई। पुलिस ने हत्यारोपी पिता के साथ उसके दो बेटे और पत्नी को भी हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। उनकी निशानदेही पर कब्रिस्तान में दफनाए गई बड़ी बेटी की लाश को एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान व थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह की मौजूदगी में खुदवा कर बाहर निकाला गया और पंचनामा करके पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। करछना थाने से चंद फलांग की दूरी पर स्थित हिंदूपुर गांव निवासी लल्लन मियां की पहली पत्नी की मौत हो चुकी है उससे लल्लन के दो बेटे रहीम और मुन्ना हैं पहली पत्नी की मौत के बाद उसने दूसरी शादी कर ली दूसरी पत्नी से दो बेटियां चांदनी (19) और आशिया (16) थी। चांदनी इंटरमीडिएट में और आशिया नौवीं कक्षा की छात्रा है। गत 25 फरवरी को दोनों बहने लापता हो गई थी। बहुत खोजबीन के बाद 02 मार्च को दोनों लड़कियां वापस आ गई। पूछताछ में बताया कि वह मुंबई चली गई थी। 04 मार्च को दोनों लड़कियां अचानक से फिर से गायब हो गई। इस बीच लल्लन और उसके परिवार वालों ने खोजबीन की तो पता चला कि बड़ी लड़की औद्योगिक क्षेत्र के रामपुर निवासी एक लड़के के साथ गई है और दूसरी लड़की विंध्याचल, मिजार्पुर के रहने वाले लड़के के साथ गई है। तब से माता-पिता दोनों बहनों की खोजबीन कर रहे थे। इस संबंध में करछना थाने में पिता ने दोनों बेटियों की गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल रहा था। 20 मार्च को दोनों बहने फिर वापस आ गई। लल्लन ने पहले ही बेटियों को मारने का प्लान बना लिया था इसलिए जब दोनों बेटियां इस बार वापस लौटी तो उसने करछना थाने में सूचना नहीं दी। बेटियों की भागने की हरकत से नाराज पिता लल्लन ने खतरनाक प्लान बना डाला था। पिता और भाइयों के खतरनाक मंसूबों के बारे में तो लड़कियों ने सपने में भी नहीं सोचा था रहा होगा। उसने पहले अपने बेटों के साथ दोनों बेटियों की जमकर पिटाई की फिर 23 मार्च को भोर में 3:00 बजे बड़ी बेटी चांदनी कि सिर्फ वजनदार हथियार से प्रहार करके मौत के घाट उतार दिया। छोटी बेटी को घर में ही बंधक बना दिया गया ताकि वह इस घटना को बाहर ना बता सके। एक दिन पूरा उसकी लाश को घर में रखा था पूरी प्लानिंग के साथ बड़ी बेटी को मौत के घाट उतारने के बाद लल्लन मियां और उसके परिवार के लोगों ने अगले दिन 24 मार्च को दोपहर में 3:00 बजे के आसपास क्षेत्र के चनैनी गांव में स्थित कब्रिस्तान में चांदनी के शव को दफना दिया। नात रिश्तेदारों और गांव के लोगों को बताया कि वह घर में फर्श पर फिसल कर गिर गई थी। जिससे उसके सिर में चोट लगी और उसकी मौत हो गई। गांववालों को शक हुआ तो पुलिस को खबर दे दी गई। पुलिस ने छानबीन की और लल्लन मियां को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पुलिस गिरफ्त में आने के बाद लल्लन मियां ने अपना जुर्म कबूला और छोटी बेटी को बंधक बनाए जाने की बात बताई। पुलिस ने घर जाकर कमरे में बंधक बनाकर रखी गई छोटी बेटी को छुड़ाया। उसके बाद पिता दोनों भाई को लेकर पुलिस चनैनी कब्रिस्तान पहुंची। वहां मजदूरों को बुलाकर उसकी कब्र खुदवाई गई और उसमें से चांदनी की लाश बाहर निकाली गई। एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान की मौजूदगी में कब्र खुदवाई गई। लाश को जब बाहर निकाला गया तो कफन के अंदर से सिर से खून का रिसाव हो रहा था।

**आनर किलिंग का मामला**

दूसरी बेटी को भी मारने के पहले पुलिस को लगी भनक, शव को पुलिस ने कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम को भेजा परिजन पुलिस की हिरासत में



## न्यूज झरोखा

### विकास खंड जसरा के दो सहकारी संघों का नामांकन कार्य सम्पन्न



**जसरा।** विकास खंड जसरा के दो सहकारी संघों में हो रहे नामांकन में जसरा संघ में सात और जारी संघ में आठ संचालक सदस्यों का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय हो गया है,वही जसरा संघ में सम्मिलित किसान सेवा सहकारी समिति से दो संचालक चुने जाने थे,जिसमें एक सीट सामान्य और एक सीट महिला रही। महिला सीट पर एक भी महिला उम्मीदवार न होने से सीट रिक्त हो गई। जब कि सामान्य सीट पर दो लोगों के नामांकन करने से चुनाव होना तय लग रहा है। सहकारी संघ जसरा के निर्वाचन अधिकारी नितेश पाल ने बताया कि निर्वाचन पत्रों की जांच रविवार को होगा। जिसमें करमा से दोनों प्रत्याशियों के पर्चे की जांच की जाएगी। इसी तरह सहकारी संघ जारी के निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि जारी संघ में आठ संचालकों ने एक एक पर्चा ही भरा है जब कि मवैया किसान सेवा सहकारी समिति से सूची न आने के कारण महिला उम्मीदवार का नामांकन नहीं हो सका। दोनों संघ पर शान्ति पूर्ण नामांकन संपन्न हो गया। इस अवसर पर रविन्द्र सिंह, चन्द्रप्रकाश त्रिपाठी, अनिल मिश्र, दिनेश त्रिपाठी,ज्ञानेन्द पाठक,आलोक त्रिपाठी, उत्तम कुमार पाठक, अविनाश त्रिपाठी, वंशराज सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### सुविधा के लिए है नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट



**जारी।** सीएससी जसरा ब्लाक के अंतर्गत जारी क्षेत्र के गड़ैया कला पावर हाउस स्थित वैन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को निशुल्क दवा वितरण किया जा रहा है डॉ रतन ने बताया कि मरीज अपना आधार कार्ड साथ ले आए और निशुल्क दवा प्राप्त करें सुबह 10:00 से 2:00 तक दवा वितरण किया जाता है ।हमारी टीम में डॉ रतन सिंह ,रुपेंद्र सिंह ,आशुतोष सिंह, प्रशांत राय, नितिन कुमार के माध्यम से दवा वितरण किया जा रहा है ।और उन्होंने बताया कि आम जनता को घर-घर इलाज सुलभ करने के लिए सरकार चला रही है नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट जो स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थानीय ब्लॉक के विभिन्न गांव में आम जनमानस को घर-घर दवा देने के लिए नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट चलाई जा रही है। इसी तरह आपके क्षेत्र में वैन के माध्यम से निशुल्क दवा वितरण किया जाएगा।

### मऊ आइमा में विश्वकर्मा आर्मी के तत्वावधान में किया गया होली मिलन समारोह



**मऊ आइमा।** विश्वकर्मा समाज द्वारा आर्मी के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमें बडी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। मऊ आइमा के सुल्तान खास गांव स्थित छपाही बाग वृंदावन गेस्ट हाउस में अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा द्वारा संचालित विश्वकर्मा आर्मी के बैनर तले होली मिलन समारोह का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन विश्वकर्मा व प्रदेश अध्यक्ष सौरभ विश्वकर्मा के निर्देश व जितेंद्र विश्वकर्मा के नेतृत्व मे आयोजन किया गया । बताया कि एक साथ रहने से ही समाज का विकास होगा और उनकी समस्याओं का निस्तारण होगा । इस मौके पर लाल जी विश्वकर्मा, मनीष विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, ऋषि प्रजापति, हर्ष मिश्रा,अभिषेक विश्वकर्मा, अखिलेश विश्वकर्मा अनिल विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, जय शिव विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा अरुण विश्वकर्मा आदि बडी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## बुद्धी मइया मन्दिर में लगे भारत माता के जयकारे



झूंसी। मां दुर्गा के चौथे स्वरूप कूष्मांडा का शनिवार को विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। बहुरंगी फूलो से मा दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप का सिंगार कर, नारियल, चुनरी, फल, धूप दीप चढ़ा कर भक्तो ने मा की आरती उतारी। कोटवा स्थित मां अन्नपूर्णा बुद्धी मइया मंदिर पर पुजारी अवधेश ने मंगला आरती की जिसके बाद मंदिर का कपाट खोला गया। पूरे दिन दर्शन पूजन के लिए भक्तो की कतार लगी रही। पंडित धर्मेंद शास्त्री ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। शाम को महाआरती के बाद माता के जयकारों के साथ भारत माता के भी जयकारे लगे फिर बजरंग बली का स्वांग की मनमोहक प्रस्तुति हुई। हरिकेश सिंह, सृजन मिश्रा, पंकज यादव, अरमान, बंगाली बाबू, चन्दन, अर्पित, शान्तनु, ओम सिंह, अखिल, विद्वान आदि व्यवस्था में लगे रहे।

### दुर्गा शक्ति पीठ राजराजेश्वरी मंदिर रधईपुर, महरछा मंदिर में नवरात्रि पर्व पर पूजन अर्चन आरती जारी..



**जंघई।** रधईपुर, महरछा गांव में राजराजेश्वरी दुर्गा माता मंदिर में नवरात्रि पर सुबह शाम पूजन अर्चन आरती भक्तों द्वारा किया जा रहा है ।मंदिर में स्थापित माँ की भव्य, मनमोहक एवं आकर्षक मूर्ति भक्तों का मन मोह लेती है। मंदिर के प्रांगण में हर नवरात्रि मे मां भगवती की वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा और अर्चना की जाती है ।भक्त दूर दूर से माँ राजराजेश्वरी का दर्शन करने आते हैं और भगवती से अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मन्नत मानते हैं माँ के आशीर्वाद से लोगों की मन्नत पूरी होती है ।मंदिर के संस्थापक राजमणि त्रिपाठी का मानना है कि माँ दुर्गा का यह पावन मंदिर सबका है सभी लोग मां के पूजन अर्चन हेतु आते हैं जिससे पूरा क्षेत्र वातावरण मां की भक्ति में सराबोर रहता है।

### राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ धनूपुर में नवरात्र में भक्तों द्वारा पूजन अर्चन आरती



**धनूपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री राज राजेश्वरी शक्ति पीठ चक्रसुदर्शनपुरी धनूपुर प्रांगण में सुबह-शाम पूजन, अर्चन, आरती किया जा रहा है जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर है। मंदिर के संस्थापक रामानुजाचार्य हरिप्रपन्नाचार्य महाराज के नेतृत्व में आश्रम के भक्तों द्वारा विभिन्न पुष्पों, फलों एवं पत्तों तथा तोरण एवं झालरों द्वारा भव्य तरीके से श्रृंगार किया गया है। पूजन अर्चन आरती में आचार्य अशोक कुमार शुक्ला, आशाराम शुक्ल, मानस भास्कर अनुजाचार्य महाराज, मदन गोपाल मिश्रा, अंबुज द्विवेदी, चंद्रकांत पांडेय, मनीष पांडेय, सुनील तिवारी, ईश्वर चंद्र शुक्ल, धर्मेंद्र पांडेय, विवेक शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, हर्षवर्धन शुक्ल, उत्कर्ष शुक्ल, लोलारक मिश्रा, दीपक शुक्ल, नीरज शुक्ल आदि लोग शामिल रहते हैं।

### फतेहपुर धर्मान्तरण के सभी मामलों में शुआट्स कुलपति, निदेशक प्रशासन एव अन्य याचिकाकर्ता को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

**नैनी, प्रयागराज।** शुआट्स के मीडिया प्रभारी एस बी सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की फतेहपुर कोतवाली में धर्मांतरण प्रकरण में दर्ज सभी मामलों में शुआट्स कुलपति एवं अन्य याचिकाकताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। एस बी सिंह ने बताया कि फतेहपुर में दर्ज धर्मांतरण प्रकरण से शुआट्स के कुलपति या अन्य किसी अधिकारी का कोई संबंध नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय में शुआट्स कुलपति सहित अन्य याचिकाकताओं ने अग्रिम जमानत हेतु याचिका दाखिल की थी। उच्चतम न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी करते हुए अतरिक्त 2 हफ्ते का समय प्रदान किया एवं फतेहपुर कोतवाली में दर्ज एफआईआर में शुआट्स कुलपति प्रो0 राजेन्द्र बिहारी लाल, निदेशक प्रशासन विनोद बिहारी लाल सहित सभी याचिकाकताओं को राहत प्रदान की और 17 अप्रैल तक किसी भी कठोर कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

## मेले के आयोजन से गांवों की विरासत के साथ संबंधों को मिलता है बढ़ावा : वाचस्पति

**गणेश पूजन के साथ गणगौर मेला का किया शुभारंभ उमड़ी भीड़**

**अखंड भारत संदेश**



**घूरपुर।** घूरपुर क्षेत्र के ग्रामसभा पवरी में गणेश पूजन के साथ गणगौर मेला का शुभारंभ किया गया। मेलार्थियों की भारी भीड़ जमा रही। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम साहब लाल के थिएटर पार्टी का भव्य आयोजन हुआ मेलार्थियो ने लुफ्त उठाया। मेले के मुख्य अतिथि रहे बारा विधायक डॉक्टर वाचस्पति ने मेलार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों में इस तरह के मेलो के आयोजन से गांवों की संस्कृति और विरासत जहां देखने को मिलती है वहीं सामूहिक रूप से मेल मिलाप के साथ ही ग्रामीण एकजुट होकर पारस्परिक संबंधों को भी बढ़ाते हैं। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख कौंधियारा इंद्र नाथ मिश्र ,तथा अपना दल एस के नेता फूलचंद पटेल, मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ला, तथा विधायक प्रतिनिधि अशोक कुशवाहा एवं प्रधान रोहनिया राजेश कुमार साहू वप्रधान चामू बृजेश बिंद ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम में भव्यता प्रदान किया। तथा कार्यक्रम के आयोजक संरक्षक दिनेश प्रजापति मेला मालिक राजेश कुमार बिंद, अध्यक्ष संजय कुमार बिंद, अन्य प्रमुख कार्यकताओं में हरिप्रसाद, मंगला प्रसाद प्रजापति, हजारीलाल, विजय शंकर, नरेंद्र यादव ,अनूप, अमित आदि ने प्रमुख जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए गणगौर मेले को सफल बनाया।

## बरेठी में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन पन्द्रह मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट की ओर से विशाल नेत्र शिविर परीक्षण का आयोजन बरेठी स्थित बजरंग मार्केट नागेन्द्र सिंह कालोनी में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन25 मार्च दिन शनिवार को किया गया। शिविर का शुभारम्भ गौरव सिंह ने फीता काट कर किया। शिविर में पहुंच कर ग्रामीणों ने अपनी आँखों की जाँच करा कर आवश्यक परामर्श लिया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे समाज सेवी गौरव सिंह ने कहा कि अधिक मोबाइल का प्रयोग आंखों के लिए नुकसान देह साबित हो रहा है। बच्चों में छोटी उम्र से चश्मा लगाने की जरूरत पड़ने लगी है। लगातार मोबाइल का प्रयोग ना करें जरूरी होने पर बींच बींच में मोबाइल को बन्द करके आंखों को आराम देते रहें। क्षेत्र के टिकरी, बरेठी, मंडौर, गोपालपुर,बलरामपुर,धन केसरा, बिरगार्पुर दादूपुर बरौना बस गीत उतराव, पुरुषोत्तमपुर,हनुमानगंज, सैदाबाद,कोटवा आदि दर्जनों से ज्यादा गांव के शिविर में क्षेत्र के लगभग 100 महिला पुरुष व बच्चों ने जांच कराई। डॉक्टरों द्वारा चिन्हित मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिये 15लोगों को संस्था की एंबुलेंस बस के माध्यम से चित्रकूट स्थित सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट में भेजा गया। टीम में मुख्य रूप से डॉक्टर शिवाकांत त्रिपाठी, डॉ अमित मिश्रा, डॉ पंकज गुप्ता, जागेश्वर, डॉ राजेश, नवरोत्तम दास, डॉ बृजेश यादव, छोटे यादव व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उपस्थित मरीजों का पूर्ण रूप से जांच करते हुए देख रेख व उन्हें आंख में डालने के लिए ड्रॉप दिया गया। कार्यक्रम आयोजक नागेंद्र सिंह उर्फ चच्चू ने आए हुए सभी मरीजों व अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजक नागेन्द्र सिंह ने कहा कि गरीबों की मदद हमेशा प्रति माह शिविर के माध्यम से इसी प्रकार से करता रहूंगा हमेशा टाइम के माध्यम से लोगों का इलाज होता रहेगा ।उक्त अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी रामसेवक पत्रकार, प्रवीण मास्टर, पंकज सिंह,दिनेश, कृष्णा सिंह उर्फ मुगल, चौरसिया, मैकू लाल प्रजापति, सुमित केशरवानी, सरवर हुसैन, कृष्ण राज सिंह, शिवा विश्वकर्मा, सोहित, रोहित सिंह, लवकुश कुशवाहा आदि उपस्थित लोगों ने भारी संख्या में सहयोग में जुटे रहे।

## सात दिवसीय भागवत कथा के दूसरे दिन विदुर सुलभा एवं ध्रुव प्रसंग का किया गया वर्णन





**अखड भारत संदेश**

**जारी।** क्षेत्र के लोटाढ़ गांव में हो रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में लोगों का जनसैलाब उमड़ रहा है। जहाँ संगीतमयी कथा ब्यास पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी द्वारा भक्ति रस का अनुश्रवण कराया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन कथा वाचक ने विदुर सुलभा प्रसंग एवम ध्रुव प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया है। उन्होंने मौजूद भक्तों को संगीतमयी प्रवचनों से बताया ज्ञान से प्रेम श्रेष्ठ है। प्रेम में ऐसी शक्ति है जो जड़ को भी चेतना बना देता है। वस्तु का परिवर्तन करने की शक्ति ज्ञान में नहीं प्रेम में है। अतः सभी में भगवान का रूप देखकर प्राणी मात्र से प्रेम करें कथा प्रवक्ता ने कहा ध्रुव अटल सत्य कारण भगवान को नारायण रूप में औतार लेना पड़ा भक्तों के प्रकारों का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा सुलभा और विदुर की अनन्य प्रेम भक्तों से भगवान कृष्ण ने दुर्योधन के छप्पन भोग को छोड़कर झोपड़ी में जाकर साग पत्ती का भोग पाया है। ईश्वर प्रेम से तृप्त होते हैं जब किसी भक्त का हृदय प्रेम से भर आता है तो निष्काम होने पर भी सकाम बन जाते हैं। कथा में बड़ी संख्या में भक्त कथा पांडाल में मौजूद रहे।

## अभी भी खुले में शौच के लिए जाते हैं लोग...







**घर में शौचालय मात्र दिखाने के लिए बना है फिर भी खुले में शौचकरने की आदत नहीं जा रही है, गांव में बने सरकारी शौचालय में ग्रामीण रखते है घर का कबाड़, उपली**

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** सरकार करोड़ों खर्च करके घर घर शौचालय निर्माण करा रही है। घरों में शौचालय होने के बावजूद खुले में शौच से बाज नहीं आ रहे हैं ग्रामीण, और सरकारी दावे की खिल्ली उडा रहे हैं। मऊआइमा विकास खंड के अनेकों गांव में घर घर शौचालय निर्माण कराया गया है। शौचालय मात्र देखावा साबित हो रहा है। बताते हैं कि अनेकों गांव में आज भी सपरिवार खुले में शौच करते हैं। जागरुक ग्रामीणों ने बताया कि गांव में खुद ऐसें लोग हैं जो खुले में शौच करने के पीछे यह तर्क देते हैं कि उनका पेट शौचालय में साफ नहीं होता है। उनकी मजबूरी है ।जब कि अनेकों ग्रामीण यह कहते हैं कि घरों में देवता विराजमान रहते हैं ।जहां रसोइया और भोजन आदि करते हैं वहीं उसी घर में शौचालय में जाने से देवता रूठ जाएंगें। विगत माह नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों ने खुले में शौच कर रही महिलाओं को सीटी बजा कर खुले में शौच के लिए मना किए तो महिलाओं ने यह धमकी दी कि तुम लोग रोज सुबह सुबह सीटी बजा कर हमें परेशान करते हो ।तुम लोगों को फर्जी छेडखानी में जेल भेज देंगें। लोगों को आश्चर्य इस बात पर है कि अपने को असली भाजपा का पुराना नेता बताने वाले कतिपय लोगों के घरों में शौचालय होने के बावजूद भी सपरिवार खुले में शौच आज भी जाते हैं। गांव में अधिकांश घरों में शौचालय तो बने हैं परन्तु न तो उसमें दरवाजे लगे हैं न ही वह दरवाजा लगवा रहे हैं। अलबत्ता उसमें लकड़ी, कंडी आदि भरे हैं। हालांकि स्वच्छ भारत अभियान का सरकारी दावें का जब तक आम जनता को जागरुक नहीं किया जाएगा। वह खुले में शौच करने से बाज नहीं आयेंगे।

## जमुनापार के पहाड़ी इलाकों को सिंचित करने की लगाई गुहार

**करछना।** लगभग चार दशक पहले बारा क्षेत्र में यमुना नदी पर सिंचाई की सुविधा को देखते हुए स्थित कमला पंप प्रखंड नहर का निर्माण कराया गया था। जहां से बाघला नहर प्रखंड और भोड़ी पम्प हाउस से जुड़ी लगभग दो दर्जन माइनरों से कई गांवों में सिंचाई की सुविधा की गई है ।किंतु अभी भी शंकरगढ़ शिवराजपुर के आस-पास लगभग 40% क्षेत्र के गांव सिंचाई की सुविधा से वंचित है। इस गंभीर समस्या को लेकर जमुनापार जागृति मिशन के संयोजक डॉ. भगवत पांडेय की अगुवाई में मिशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के सिंचाई मंत्री और प्रयागराज प्रभारी स्वतंत्र देव से मिलकर समस्या की गुहार लगाई। लोगों का कहना था कि अभी भी क्षेत्र के जोरवट, गढ़वा, गाढ़ा, कटरा, लेदर, मउहरिया, आमगोदर, बिहरिया, गोल्हैया, भैंसहाई, शिवराजपुर शंकरगढ़, अभयपुर, बड़गडी समेत कई गांव के किसान सिंचाई की त्रासदी झेल रहे हैं ।मिशन के लोगों ने नहर का विस्तार कर उक्त गांव के सर्वे कराने और पीडीआर बनवाने की गुहार लगाते हुए कहा कि यदि ऐसा कार्य किया जाए तो निश्चित रूप से पहाड़ी इलाके के आसपास रहने वाले कई गांव के लोग सिंचाई की सुविधा होने पर अच्छी खेती कर अपनी आय बढ़ा सकेंगे। मंत्री ने इसपर सहमति जताते हुए लोगों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस संदर्भ में विभागीय लोगों से विचार-विमर्श कर हर संभव पहल की जाएगी। इस मौके पर मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी, राजेश शुक्ला, आनंद शुक्ला,पृथ्वी पाल सिंह, राघवेंद्र मिश्रा, राजू पटेल समेत कई भाजपाई और मिशन के लोग मौजूद रहे।

**डॉ.पांडेय की अगुवाई में प्रदेश के सिंचाई मंत्री से मिला मिशन का प्रतिनिधि मंडल**



## खबर संक्षेप

### कपलिंग टूटने से दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी, टला बड़ा हादसा, 45 मिनट प्रभावित रहा रेल संचालन

**प्रयागराज।** अटरामपुर रेलवे स्टेशन के पास फाफामऊ की ओर आ रही एक मालगाड़ी की कपलिंग टूटने से वह दो हिस्सों में बट गई। इस दौरान इंजन समेत 13 वैगन मालगाड़ी से अलग हो गए। गनीमत रही कि इससे कोई हादसा नहीं हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआरएम लखनऊ ने इस मामले में जांच बैठा दी है। बताया जा रहा है कि घटना शनिवार सुबह लगभग सवा आठ बजे के आसपास हुई। ऊंचाहार से कोयला खाली करके मालगाड़ी पंडित दीन दयाल उपाध्याय की ओर जा रही थी। ट्रेन अटरामपुर से चली तो उसका इंजन 13 वैगन लेकर आगे बढ़ गया, जबकि अन्य वैगन स्टेशन पर ही खड़े रह गए। मालगाड़ी के लोको पायलट को जब वैगन अलग होने का एहसास हुआ तो उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर उसे रोक दिया। इसके बाद सूचना लखनऊ स्थित कंट्रोल रूम को दी गई। कंट्रोल के निर्देश पर फाफामऊ-ऊंचाहार रूट पर ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया।

# सरकार गांव, गरीब, किसान, महिलाओं एवं नवयुवकों के विकास एवं प्रगति के लिए संकल्पित : प्रभारी मंत्री

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंत्री जल शक्ति विभाग/प्रभारी मंत्री प्रयागराज स्वतंत्र देव सिंह शनिवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए तथा विभिन्न विभागों के द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मंत्री जी के द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं, निपूण भारत, गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं नमामि गंगे योजना की उपलब्धिया, अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के अन्तर्गत अन्न के पकवान, सेहत का खजाना-मिलेट्स को अपनाना, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रमुख योजनाएं, पंचायतीराज विभाग की उपलब्धियां, सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, संगम गंगाजल संग्रह, एक जनपद एक उत्पाद, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के पोषण पखवारा, श्रम विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित योजनाएं, ई-श्रम, उ0प्र0 माटीकला बोर्ड की प्रमुख योजनाएं, स्वतंत्रता आंदोलन में प्रयागराज का योगदान विषयक अभिलेख एवं चित्र प्रदर्शनी, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाये गये प्रत्येक स्टॉल का अवलोकन किया तथा सम्बंधित अधिकारियों/कर्मचारियों से तत्सम्बंधी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को सराहा एवं और बेहतर ढंग से किए जाने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो चला है। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के सिद्धांत पर संचालित योजनाओं से बिना भेदभाव के सभी पात्र लोगो को लाभान्वित करा रही है। मंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी की इच्छा के अनुरूप ऐसे सभी लोगो को जिनके पास अपना घर नहीं है तथा वे पात्रता की श्रेणी में आते है, ऐसे सभी लोगो को आवास मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार गांव, गरीब, किसान, महिलाओं एवं नवयुवकों के विकास एवं प्रगति के लिए कृतसंकल्प है। इस अवसर पर मंत्री जी के द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को डेमो चेक का वितरण भी किया।इस अवसर पर सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल जी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों/शिक्षकों की प्रशंसा व उत्साहवर्धन किया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के कार्यों द्वारा प्रदेश की पहचान देश-विदेश में बढ़ी है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के सिंह ने सरकार के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जब तक हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का विकास नहीं होगा, तब तक हम विकसित नहीं हो सकते इसलिए हम सभी लोग ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति एवं तस्वीर को बदलने हेतु अनवरत कार्य कर रहे है। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने प्रभारी मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथा प्रभारी मंत्री जी सहित सभी गणमान्य जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगो के प्रति आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधायक शहर उत्तरी हर्ष वर्धन वाजपेयी, विधायक कोरांव राजमणि कोल, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चैधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी, गंगापार अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी, यमुनापार अध्यक्ष विभवनाथ भारती, पूर्व विधायक मेजा श्रीमती नीलम करवरिया, पूर्व विधायक दीपक पटेल व अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।



## यमुनापार में कांग्रेसियों ने प्रमोद तिवारी का किया स्वागत

**मेजा रोड।** शनिवार सुबह मेजारोड बाजार में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी का यमुनानगर जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया । गौरतलब है कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र में विंध्याचल दर्शन को जा रहे राज्य सभा के उपनेता व पूर्व राज्यसभा सांसद का मेजा रोड में मौजूद कांग्रेसियों ने स्वागत किया।इस दौरान प्रमोद तिवारी ने माला पहनने से इनकार कर दिया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि जिसकी अक्षरता राहुल गांधी ने जाहिर की थी वह सच साबित हो रहा है। इस देश में बोलने की आजादी नहीं रही, तानाशाही आ चुकी है। जो उनके भ्रष्टाचार को उठाएगा उस भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले की आवाज खामोश की जाएगी। चाहे पार्लियामेंट में उठे या बाहर उठे। आगे कहा कि 1978 में इंदिरा गांधी के साथ में भी यही हुआ था। 80 में कांग्रेस लौट कर आई थी। आज राहुल गांधी के साथ 2023 में हुआ है। मेरी भविष्यवाणी है 2024 में लौटकर कांग्रेस आएगी। इसके बाद उनका काफिला विंध्याचल की ओर निकल गया। स्वागत के दौरान स्वागत के दौरान राम छबीले मिश्रा, त्रिपुरारी मिश्रा, संतोष मिश्रा (मधुबनी) अतुल तिवारी, मनीष मिश्रा, दिनेश सोनी, अनुराग तिवारी, विश्वास शुक्ला, रविराज सिंह, विनय कृष्ण पांडेय, अरविंद कुमार सुदीप पांडे मानस तिवारी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# महिला से लूट करने वाले तीन गिरफ्तार

### सोने का ब्रेसलेट, डेबिट कार्ड और घड़ी बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज की सड़कों पर राहगीरों से झपट्टा मारकर लूट करने वाले गैंग के तीन लुटेरों को जॉर्ज टाउन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूट के जेवर, घड़ी, डेबिट कार्ड और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि तीनों ने एक दर्जन से ज्यादा लूट और छीनैती की घटनाएं की हैं। बरामद सामान आरोपियों ने एक महिला से लूटा था।प्रयागराज सिटी के जार्ज टाउन थानां क्षेत्र में अल्लापुर रेलवे लाइन के पास से पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को दबोचा है। जिनमें संदीप कुमार कनौजिया निवासी झोपड़पट्टी, निकट लोहा पार्क, शिव नगर, अल्लापुर, संतोष कुमार पटेल निवासी माली चौराहा, पुराना अल्लापुर और अंकित कुमार वर्मा निवासी शिवनगर, अल्लापुर, जार्ज टाउन शामिल हैं।बदमाशों के कब्जे से लूट का सोने का का ब्रैसलेट, फेडरल बैंक का विजा सिगनेचर कार्ड, टाइटन की हाथ घड़ी, 2 एसबीएम बैंक का विजा सिगनेचर कार्ड, पेटीएम वीजा डेबिट कार्ड, एक पर्स, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड और आधार कार्ड मिला है। उनके खिलाफ थाना जार्जटाउन में एफआईआर दर्ज की गई है। जॉर्ज टाउन पुलिस के अनुसार यह तीनों लड़के घूम-घूम कर लूटने की घटनाएं करते थे। उन पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, एसआई अमित चौरसिया, एसआई मुन्ना सिंह कुशवाहा, सुनील कुमार यादव, अमित कुमार और महिला कांस्टेबल सीमा यादव शामिल रहे।

# प्रयागराज की बेटी ने नेपाल में बजाया भारत का डंका

भारत साहित्य महोत्सव में गूंजा,डी.पी. गर्ल्स. इंटर कॉलेज, प्रयागराज की अर्पणा आर्या ध्रुव का स्वर, भारत देश का प्रतिनिधित्व कर वापस लौटी अर्पणा आर्या ध्रुव भारत नेपाल मैत्री और साहित्यिक साहचर्य बढ़ाने पर चर्चा

अखंड भारत संदेश



05

प्रयागराज । भारत नेपाल मैत्री को मजबूत करने पर दोनों देशों के बीच साहित्यिक साहचर्य को बढ़ाने के लिए नेपाल के विराटनगर में दोनों देशों के करीब 300 चुनिंदा साहित्यकार पहुंचे थे। इसमें प्रयाग राज की अर्पणा आर्या ध्रुव भी शामिल थी। अर्पणा आर्या ध्रुव ने भारत के तरफ से इसमें हिस्सा लेते हुए अपनी रचना के साथ ही विभिन्न सत्रों में अपनी सहभागिता निभाई। इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन के दौरान नेपाल भारत साहित्य महोत्सव आयोजन समिति की ओर से अर्पणा आर्या ध्रुव को प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। बता दें कि प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ विजय पंडित की अगुआई में हर साल नेपाल में यह आयोजन किया जाता है और दोनों देशों के प्रमुख साहित्यकार शामिल होते हैं। इस बार यह कार्यक्रम 17 से 19 मार्च तक नेपाल के विराट नगर में हुआ। इसमें शामिल होने के लिए उन्हें नेपाल भारत साहित्य महोत्सव में आमंत्रित किया गया था इस कार्यक्रम के दौरान भारत नेपाल के प्रसिद्ध शिक्षाविद, कवि , लेखक, समीक्षक , आलोचक के अलावा नेपाल के जनप्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग भी शामिल हुए उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ नेपाल भारत के ऐतिहासिक सम्बन्ध को मजबूत बनाना है और एक साहित्य सेतु का निर्माण करना है। साथ ही महाभारत कालीन ऐतिहासिक शहर विराटनगर को दुनिया के आगे सार्वजनिक करना, रामायण और बुद्ध सर्किट को महाभारत सर्किट से जोड़ने नवोदित व गुमनाम कलमकारों को वरिष्ठ साहित्यकारों के सानिध्य में एक अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने की कोशिश हुई। वह बताते हैं कि भारत और नेपाल का संबंध ना सिर्फ मां सीता और बौद्ध कालीन अवशेषों से है बल्कि द्वापर युग में भी यह अत्यंत प्रगाढ़ था। विराटनगर जैसे महाभारत कालीन नगर इसकी निशानी है। आयोजन विराटनगर में हुआ यह आयोजन इसे और विराटता प्रदान करेगा।

## न्यूज झरोखा

### साधन सहकारी समिति रामनगर में नामांकन प्रक्रिया के दौरान समय से नही पहुंचे अधिकारी



**मेजा रोड।** साधन सहकारी समिति रामनगर में संघ के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शनिवार सुबह 10 से 4 बजे होनी तय थी।जिसके लिए सभी प्रत्याशी संघ के कार्यालय पर नामांकन के लिए पहुंचे थे, जहां पर निर्वाचन अधिकारी व साधन सहकारी समिति के सचिव नदारद रहे।दोपहर 1 बजे तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा जिसको लेकर प्रत्याशियों में गहरा आक्रोश था,सुरक्षा के मद्देनजर पहुंचे चौकी प्रभारी सिरसा जगदीश कुमार मामला देख वापस लौट गए। सूत्रों की माने तो चुनाव की प्रक्रिया आज की टल गई है प्रशासन के द्वारा नये तिथि की घोषणा जल्द किया जाएगा।

### भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह ने कॉलेज को दिया वाटर कूलर



**मेजा।** भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह अध्यक्षगिरिराज चैरिटेबल ट्रस्ट छतवा, मेजा द्वारा सिरसा के श्री राम प्रताप इंटर कॉलेज में छात्रों को शुद्ध\ पेयजल के लिए वाटर कूलर (इनबिल्ड प्यूरीफायर) भेंट किया है। गौरतलब हो कि भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह ने श्री राम प्रताप इंटर कॉलेज सिरसा के एक कार्यक्रम के दौरान मौजूद बतौर मुख्य अतिथि वाटर कूलर अनुदान करने की बात कहा था । श्री सिंह ने अपने वादे के अनुसार शुक्रवार को इंटर कॉलेज को वाटर कूलर मिल गया। कालेज के प्रधानाचार्य डॉ शिव प्रसाद पाठक ने प्रेमशंकर सिंह का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह काफी दिनों से समाज सेवा से जुड़े हैं । उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मैं गया तो वहाँ पर देखा कि छात्रों को शुद्ध पानी पीने की काफी किल्लत है उसी के मद्देनजर हमने वाटर कूलर देने की घोषणा किया था और शुक्रवार को कालेज को उपलब्ध करा दिया।

### नवोदय विद्यालय में अंश का हुआ चयन



**मेजा रोड।** सिरसा के सेंट पीटर्स स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी अंश पुत्र सुनील कुमार,श्रीमती आरती, निवासी शिव बक्स का पुरा सिरसा प्रयागराज। अंश ने नवोदय में प्रवेश पाने के लिए परीक्षा दी, जिसमे वह उत्तीर्ण रहा और सत्र 2023-24 के 9वीं कक्षा के लिए चयनित हुआ । प्रवेश परीक्षा का परिणाम 22 मार्च को आया । नवोदय में शिक्षण हेतु चयन होने पर अभिभावक ने प्रधानाचार्या शिवानी खेडा सोनी साहित शिक्षकों को बधाई दी।

### जौनपुर जिलाधिकारी हाजिर, कहा- आदेश का कर दिया है पालन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर मनीष कुमार वर्मा जिलाधिकारी जौनपुर हाजिर हुए। हलफनामा दाखिल कर कहा आदेश का पालन कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जौनपुर से उनका तबादला गौतमबुद्धनगर कर दी दिया गया है। कोर्ट ने अगली तिथि पर भी हाजिर रहने का निर्देश देते हुए जौनपुर के नए जिलाधिकारी को पक्षकार बनाते हुए हलफनामा मांगा है। याचिका की सुनवाई 20 अप्रैल को होगी।कोर्ट ने जिलाधिकारी वर्मा से पूछा था कि उन्होंने अपने खिलाफ कितनी अवमानना नोटिस प्राप्त की है और उनका परिणाम क्या हुआ। उनके द्वारा संतोषजनक सफाई न देने के कारण कितने अवमानना केस अभी भी लंबित है। क्यों न इसे कदाचार माना जाए और सेवा पुस्तिका में प्रविष्टि की जाए। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि क्यों न उनसे इस केस के हजार्ने की वसूली की जाए। जिसका जवाब नहीं दिया गया। यह आदेश न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल ने बिशुन चंद उर्फ किशुन चंद की अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।

# पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की योजना से लाखों किसान लाभान्वित : डा. प्रवीण चरन

अखंड भारत संदेश

**नैनी, प्रयागराज।** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना वानिकी महाविद्यालय सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एण्ड सांइसेज, प्रयागराज के तहत एकदिवसीय किसान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन 25 मार्च 2023 को ग्राम- अतरैला ब्लाक- करछना, जिला-प्रयागराज, में किया गया।

कार्यक्रम कि अध्यक्षता तकनीकी अधिकारी डा0 प्रवीन चरन ने की एवं प्रसार निदेशालय के समन्वयक डॉ0 अरुण यादव, डॉ0 सर्वेन्द्र कुमार, डॉ0 सुबोध यादव, कृषि विज्ञान केन्द्र का स्वागत किया। डा0 प्रवीन चरन ने बताया कि इस परियोजना की स्थापना वर्ष 2001 में डा0 एस0 बी0 लाल ने की। आज इससे लाखो कृषक लाभान्वित हो रहे है। उन्होने बताया कि सह नोडल अधिकारी डा0 बी0 मेहरा द्वारा समय- समय पर कृषको कों तकनीकी जानकारी दी जाती रही है। उन्होने बताया कि मौसम विज्ञान के द्वारा अगर मौसम आधारित खेती करते हैं तो हमे निश्चित लाभ प्राप्त होगा क्योंकि मौसम पुवार्नुमान के द्वारा पता लगाकर खेती की सिंचाई गुड़ाई, बुवाई दवा का छिडकाव आदि किया जाय तों होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। डा0 प्रवीन चरन ने बताया कि शुआट्स के द्वारा सप्ताह में मौसम पूवार्नुमान दो बार घोषित किया जाता है तथा किसान पोर्ट्रल पर तथा अखबारों के माध्यम से एवं सोसल मीडिया द्वारा निरंतर मौसम पूवार्नुमान भेजा जाता है और किसान को ख्ती की नई नई तकनीकी जानकारी भी दी जाती है तथा जैसा कि अनुमानित किया गया है कि मौसम लगभग पिछले कई वर्षो से मौसम मे परिवर्तन हो रहा है जिससे अधिक कार्बन का उत्र्सन हो रहा है मौसम में बदलाव आया है पिछले दिनों में वर्षा होने से फसलों को भारी नुकसान हुआ।प्रसार निदेशालय के समनवयक डॉ0 अरुण यादव ने बताया कि कृषि के साथ-साथ पशुपालन कम लागत में अधिक उत्पादन के विषय पर किसानों को जानकारी दी। उन्होने बताया कि कृषि के साथ हमें फसल चक्र को कृषि में उपयोग करना चाहिये। जिससे खेत की दशा उसमें उर्वरवता की गुणवता के बारे में बताया। साथ ही सह फसली खेती को प्राथमिकता देनी चाहिए जिससे मौसम की अनिश्चितता में सह फसल के द्वारा किसानों को कोई नुकसान न हो जिसमें किसान अपने उत्पादन का उचित मुल्य प्राप्त कर सकें। उन्होने बताया कि खेती के साथ-साथ एक पशु अवश्य पालना चाहिए जिसका चारा दाना किसान अपने खेत में स्वयं निकाल सकता है और उसमें दुग्ध उत्पादन से पारिवारिक उपयोग के बाद बचा हुआ दुग्ध बेचकर आय प्राप्त कर सकता है तथा उसके गोबर से खाद बनाकर उसका उपयोग खेत में अवश्य करें। जिससे मृदा स्वास्थ्य अच्छा बना रहे । डॉ0 सुबोध यादव ने स्माल डेरी फार्मिंग के तहत पशुओं के आहार में पेड़.-पौधे के महत्व के बारे में बताया सहजन, पीपल, बरगद, गुलर, बबुल में महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

डॉ0सर्वेन्द्र कुमार ने बताया कि जायद मौसम में बोये जाने वाली मुख्य फसलों में मूंग, उर्द, लोबिया, सूरजमुखी, मक्का इत्यादि है। किसान जागरुकता के परिक्षण डा0 प्रवीन चरन ने आये हुए किसानो और महिला कृषक एवं वैज्ञानिको संचालन एवमं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में डा0 क्लीन्ट, संजय कुमार, नीरज, रोहित, भास्कर, त्रीतु सम्भूपाल, मुकेश अकेला,दयालाल, रमाशंकर पटेल, जंगबहादुर, कामेश्वर, अरविन्द पटेल, भाई लाल पटेल, कलावती, रामलली आदि ने सहभागिता की।

### अतरैला में किसान जागरुकता कार्यक्रम




# कोराव नगर पंचायत बाजार में शनिवार बंदी का उल्लंघन

### व्यापार मंडल ने जताई नाराजगी, व्यापारियों ने कहा नियम कानून सब का हो एक समान,बंदी का उल्लंघन करने वाले बक्शे नहीं जायेंगें : राजेश मिश्रा

**कोराव।** कोराव नगर पंचायत में प्रत्येक शनिवार बाजार बंदी दिवस के बावजूद व्यापारियों द्वारा दुकानें खोल खोल कर बंदी कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। जिससे व्यापार मंडल कोराव ने नाराजगी जताई और बोले कि बंदी का दिन सभी लोग मानें, अन्यथा बंदी का कोई ओचित्य नहीं है। इस निमित्त प्रशासन को ज्ञापन भी दिया जा चुका है। उप श्रमायुक्त प्रयागराज मंडल प्रयागराज राजेश मिश्रा ने शिकायत को गंभीरता से लिया और अधिनस्थ को बंदी कानून का कड़ाई से पालन कराने को कहा है। उप श्रमायुक्त श्री मिश्र ने व्यापार मंडल कोराव की और से अपनी बात रख रहे जिला सतर्कता समिति बंधुआ श्रम उन्मूलन श्रम विभाग प्रयाहराज के सदस्य अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे प्रधान लीडर से एक अनौपचारिक वार्ता के दौरान बताया कि व्यापार मंडल आपस में सभी व्यापारियों से बैठक या वार्ता करके सामूहिक निर्णय लें। यदि इस पर भी बंदी का उल्लंघन व्यापारी करेंगें तो निस्चय ही कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ब्यापतियों का कथन है कि बंदी के दिन सभी दुकानें बंद रखें या फिर सभी व्यापारी दुकानें खोलें। इस पर नगर पंचायत को भी एक्शन लेना चाहिए। और स्थानीय तहसील और पुलिस प्रशासन को भी। फिलहाल व्यापार मंडल के अशोक कुमार जयसवाल आदि में डीएलसी प्रयागराज,एसडीएम कोराव,थाना प्रभारी कोराव श्रम प्रवर्तन अधिकारी कोराव,अधिसाधी अधिकारी कोराव नगर पंचायत कोराव का ध्यान आकृष्ट कराया है। यह भी व्यापार मंडल ने चेताया है कि यदि बंदी का उल्लंघन व्यापारी लोग करेंगें तो सभी दुकानें खोली जायेंगी,जिसका जिम्मेदार स्थानीय उक्त अधिकारी गण होंगें।

# प्रयागराज के सीएमओ ऑफिस में प्रांतीय स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ का हुआ अधिवेशन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रांतीय स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ, प्रयागराज का चुनाव शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। इसमें जिले भर के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शामिल हुए। पहले तो यहां चुनाव की तैयारी चल रही थी, जिसके लिए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्येन राय को चुनाव अधिकारी भी बनाया गया था।लेकिन चुनाव के पहले आपस में विचार विमर्श कर सभी ने सर्वसम्मति से पंकज कुमार पांडेय को संगठन का अध्यक्ष चुन लिया। पंकज पांडेय उटड ऑफिस में उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी के पद पर तैनात हैं। उनके व्यवहार और संगठन के प्रति कार्यप्रणाली को देखते हुए लगातार दूसरी बार उन्हें अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है।इन्हें भी मिला संगठन में दायित्व वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर रीता तिवारी तो उपाध्यक्ष पद पर सुनील सरोज को चुना गया। इसी क्रम में जियालाल यादव को मंत्री पद दिया गया। कौड़िहार सीएचसी पर तैनात स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी दिनेश यादव को संयुक्त सचिव और यशांत पटेल को कोषाध्यक्ष चुना गया। सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने पदाधिकारियों को बधाई दी है। इस मौके पर एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद सिंह, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी राकेश कुमार जायसवाल, ओमप्रकाश शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### नैनी जेल में अपराधी ने बंदी रक्षक को जड़ा तमाचा

**प्रयागराज।** प्रयागराज की सेंट्रल जेल नैनी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसका ताजा उदाहरण शुक्रवार को सामने आया। जिसमें हत्या के जुर्म में बंद एक अपराधी ने जेल के अंदर एक बंदी रक्षक को तैश में आकर थप्पड़ जड़ दिया। हैरानी की बात यह है कि अपराधी पर एक्शन लेने के बजाय जेल प्रशासन इस पूरे प्रकरण में लीपापोती में जुट गया और घटना को सिरे से खारिज करने लगा।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मिर्जापुर जेल में बंद वाराणसी का एक खूंखार अपराधी जेल ट्रांसफर होने पर नैनी सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया है। मिर्जापुर जेल में रहते हुए उस पर गैर कानूनी गतिविधियों को संचालित करने का आरोप लगा था। जिसके बाद उसकी जेल शासन स्तर पर बदली गई थी। मिर्जापुर जेल जैसा सिक्का उसने नैनी सेंट्रल जेल में भी जमाना शुरू कर दिया। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को जेल के अंदर सर्किल नंबर 5 में सभी बंदी खाना लेने के लिए लाइन में लगे हुए थे। उसी दौरान वाराणसी का शातिर अपराधी बिना लाइन में लगे ही खाना लेने के लिए आगे पहुंच गया। जिससे वहां तैनात बंदी रक्षक ने उसे टोका तो अपराधी बंदी रक्षक की बात को अनसुना करते हुए पहले खाना लेने की जिद करने लगा। जब बंदी रक्षक ने उसे पीछे हटने को कहा तो अपराधी ने ड्यूटी पर तैनात बंदी रक्षक के गाल पर तमाचा जड़ दिया। उसकी यह हरकत देख वहां मौजूद बंदी रक्षक और बंदियों का समूह कुछ देर के लिए सन्न रह गया।

# योजनाओं की दलाली में अपना हाथ काला नहीं होने दूंगा : राजेश मिश्रा

अखंड भारत संदेश

### श्रम विभाग में कुछ श्रम अफसरों की लापरवाही पर डीएलसी खफा, फूलपुर, हंडिया तहसील में सामूहिक विवाह योजना में की गई मनमानी और रिश्वत खोरी का सत्यापन



**कोराव।** स्त्रमायुक्त प्रयागराज मंडल राजेश मिश्रा ने कहा है कि योजनाओं की दलाली में अपना हाथ काला नहीं होने दूंगा। ये वक्तव्य प्रेस प्रतिनिधि से डीएलसी प्रयागराज श्री मिश्रा ने कार्यालय में एक वार्ता के दौरान कही। उप श्रमायुक्त ने 13 मार्च को हुई मंडलीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 1126 वर वधुओं की शादी के बारे विभागीय अफसरों ने लापरवाही बरती जिस से शादी के पूर्व रेंडम जांच नहीं हो पाई,जिसका सत्यापन जारी है। उन्होंने बताया कि प्रतापगढ़,फतेहपुर के वर वधुओं का अनुदान आवेदकों के खातों में भेज दिया गया है। कौशांबी जिले का भी अनुदान एक दिन में चला जायेगा। डीएलसी ने बताया कि प्रयागराज के भी कई तहसीलों का पैसा भेजा गया है। फूलपुर,हंडिया तहसील में गड़बड़ी की ज्यादा शिकायतें प्रकाश में आई है। और वहां से सर्वाधिक आवेदन भी प्राप्त हुए हैं। जिसकी जांच जारी है। दोषी पाए जाने वाले विभागीय श्रम अफसरों को बख्शा नहीं जाएगा। जिस वजह से वहां के भुगतान में विलम्ब हो रहा है। कोराव के भी आवेदकों का भुगतान दो दिन में चला जायेगा। वहां सत्यापन में गड़बड़ियां नहीं दिखीं। डीएलसी से यह पूछे जाने पर कि पूर्व में आवेदन योजनाओं में सुविधा शुल्क न पाने पर काफी संख्या में गरीब श्रमिकों के योजनाओं के आवेदन मनमाने ढंग से निरस्त किए जाने की हुई उच्चस्तरीय शिकायतों को पुनः जांच अधिकारियों ने पात्रों को लाभ नहीं नहीं दिए जाने के जवाब में बताया कि जो जांच अधिकारी निस्पकछ जांच नहीं करेगा वह जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा की मेरा प्रयास है कि रिश्वत के अभाव में किसी भी गरीब श्रमिकों का आवेदन निरस्त न हो। उसे सरकारी योजना का लाभ मिले। यदि लालच में रिश्वत न मिलने पर पात्रों को लाभ से वचित किया गया है तो शिकायत पर जांच कराएंगे और कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा पूर्व की शिकायतों की जांच अफसरों ने जो क्लीन चिट दे दी है। उसकी पुनः शिकायत जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई है। निस्पक्छ जांच न करने वाले अधिकारी जिम्मेदार होंगे। जिसकी रिपोर्ट सासन तक जानी है। और यह भी डीएलसी मिश्रा ने कहा कि दुबारा जांच होगी। साथ ही टोटल अपात्रों को फर्जी ढंग से रिश्वत ले कर जिस अफसरों ने लाभ दिलाया है सरकारी धन का दुर्पयोग किया है वे बचेंगे नहीं।

## पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** कानून व्यवस्था चाक चैबंद बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर जिले के थाना महेशगंज उ0नि0 दीपक कुमार यादव अपने हमराही के साथ शनिवार को देखभाल क्षेत्र तलाश भ्रमण के दौरान वांछित-वारण्टी अभियुक्त की मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 42/2023 धारा 452, 376, 354(ख), 506 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्टसे संबंधित अभियुक्त इबनैन खान उर्फ साहब पुत्र वसीम खान उर्फ पप्पू निवासी ग्राम माघी चैनगढ़ थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास स्थित मस्जिद के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

# राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त होना अलोकतांत्रिक

### कम्पनी गार्डेन में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते कांग्रेस।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ ने नगर के कंपनी गार्डन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने बैठकर कांग्रेसियों ने कहा कि केंद्र सरकार साम-दाम-दंड-भेद के तहत साजिश करके राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त करा दी गई है, यह घटना अलोकतांत्रिक और दुर्भाग्यपूर्ण है। आज राहुल गांधी जी देश की आवाज बन चुके हैं केंद्र सरकार गलतफहमी में है कि वह राहुल गांधी को डरा कर चुप करा लेगी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी की जेपीसी की मांग एवं अडानी को लेकर जो आरोप लगाए हैं, उसमें जांच से केंद्र सरकार भाग क्यों रही है इसका मतलब है कि सरकार और अडानी में कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार को लेकर सांठगांठ है। शहर अध्यक्ष इरफान अली ने सवाल किया कि भ्रष्टाचार की आवाज उठा रहे राहुल गांधी जी पर पूरी सत्ता का हमला क्यों हो रहा है। डॉ नीरज त्रिपाठी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यूथ कांग्रेस ने कहा कि भारत का नौजवान जो बेरोजगारी की मार झेल रहा है ऐसा एक दिन भी नहीं जाता जब नौजवानों के रोजगार एवं भविष्य की बात राहुल जी नहीं उठाते राजनीति के अंदर उनकी सबसे बड़ी चिंता युवा ही है। कपिल द्विवेदी सदस्य पीसीसी ने कहा राहुल गांधी से मोदी सरकार इतनी भयभीत क्यों हो गई है जो उनकी संसद की सदस्यता रद्द कराने की साजिश करनी पड़ी। रोहित शुक्ला सदस्य पीसीसी मोदी ने कहा मोदी सरकार में तानाशाही चरम पर है जनता की आवाज उठाने एवं भ्रष्टाचार की आवाज उठाने के लिए राहुल गांधी जी को सजा दे रहे हैं जो कतई बर्दाश्त नहीं है। इस मौके पर विजय शंकर त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष, वेदांत तिवारी कोषाध्यक्ष, सरोज कश्यप महिला अध्यक्ष, जमुना प्रसाद पांडेय पूर्व अध्यक्ष सेवादल, रामरतन तिवारी, ज्योत कुमार तिवारी गल्ली, संजय इस्तियाक, सलीम उल्ला आदि मौजूद रहे।



एमडीपीजी कालेज के प्राचार्य का स्वागत करते शिक्षक।

## एमडीपीजी कालेज में एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडी पीजी कॉलेज में आज राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला एवं पुरुष इकाई के सात दिवसीय संयुक्त विशेष शिविर का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती व विवेकानंद जी आदि के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान प्राचार्य प्रो मिश्र ने कहा कि एनएसएस हम सब को सेवा भावना एवं सामाजिक सौहार्द की प्रेरणा देता है। एनएसएस विद्यार्थियों को बहुमुखी बनाता है। परिश्रम के साथ-साथ सामूहिक जीवन जीने की कला भी देता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को एनएसएस की गतिविधियों में पूरे मनोयोग से शामिल होना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो राधाकृष्ण दूबे, प्रो अरविंद मिश्र, प्रो किरण मिश्रा, डॉ सी एन पांडे, डॉ रमेश चंद्र शुक्ल, डॉअभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महिला इकाई की कार्यक्रमाधिकारी डॉ रेखा मिश्रा एवं आभार ज्ञापन पुरुष इकाई के कार्यक्रमाधिकारी डॉ राजेंद्र मिश्र ने किया।

# वकीलों के चुनाव की सरगर्मी हुई तेज, चुनाव समिति ने किया मंथन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील मे हो रहे संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव मे नाम वापसी के बाद शनिवार को प्रत्याशियो के चुनाव प्रचार की गहमागहमी तेज हो उठी। इस बार के चुनाव मे संघ मे अध्यक्ष पद पर आधा दर्जन प्रत्याशियों के मैदान मे होने से चुनाव रोचक हो चला है। तहसील पार्क मे शनिवार को प्रत्याशियो के द्वारा अधिवक्ताओ को अपने पक्ष मे लाबिंग करने के लिए चाय पान के प्रबन्धो मे भी मशक्कत करते देखा गया। वही चुनाव समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष राममोहन सिंह की अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे प्रत्याशियो से भी चुनावी व्यवस्था को लेकर सुझाव मांगे गये। समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए अधिवक्ताओ के सहयोग के साथ जिला एवं स्थानीय प्रशासन को भी पत्र लिखकर सहयोग मांगा गया है। चुनाव समिति की बैठक मे दक्षता भाषण के तहत प्रत्याशियो के क्रम आवंटन तथा निर्धारित समय के लिए भी मंत्रणा की गयी। संचालन महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। इस मौके पर राजेन्द्र मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, विकास मिश्र, रामलगन यादव, वीरेन्द्र सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, केबी सिंह, कालिका प्रसाद पाण्डेय, बेनीलाल शुक्ल आदि मौजूद रहे। इधर चुनाव को लेकर प्रत्याशियो द्वारा डोर टू डोर संपर्क अभियान शुरू होने से भी चुनावी सरगर्मी रातो दिन बढ़ती देखी जा रही है।

# सांसद व अधिकारियों ने किया विकास पुस्तिका का विमोचन



विकास पुस्तिका का विमोचन करते सांसद व अधिकारीगण।

## विकास कार्यों से जिले की बदली तस्वीरः सांसद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर भाजपा सांसद ने राजकीय इंटर कालेज के मैदान में ही पत्रकारों से बात कर प्रदेष सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियां गिनाई। प्रतापगढ़ में विकास की चर्चा करते हुए सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि यहां राजकीय मेडिकल कालेज बनना, बाईपास व कई पुलों का निर्माण शुरू होना तथा रेलवे स्टेषन प्रतापगढ़ सहित अन्य कई छोटे स्टेषनों का कायाकल्प होना प्रमुख है। एक प्रष्न के उत्तर में सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी अपने किये की सजा भुगत रहे हैं। उनकी लोकसभा की सदस्यता नियमानुसार समाप्त हुई है। इस पर कांग्रेस का हो हल्ला करना बेकार है। लोग जानते हैं कि राहुल गांधी कितना अनर्गल एवं आपत्तिजनक बयान देते रहे हैं जिससे देष को भी नुकसान हुआ है।

### प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर जारी हुई विकास पुस्तिका

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कालेज में शुक्रवार से शुरू हुए तीन दिवसीय श्री अन्न खाद्य महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र मौर्य, विधायक जीतलाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र व भाजपा नेता षिव प्रकाष मिश्र सेनानी ने जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल तथा सीडीओ ईषा प्रिया के साथ प्रदेष सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर प्रकाषित विकास पुस्तिका का विमोचन किया।

इसके अलावा मार्च 2023 में पैदा हुए 10 कन्याओं का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इसके अलावा चार किसानों को सोलर पैनल का प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर सांसद, विधायकों व अधिकारियों ने मोटे अनाज की महत्ता पर प्रकाष डालते हुए इस आयोजन की सराहना की। बता दें कि जिला प्रषासन की पहल पर सभी रेस्टोरेंट मालिकों ने अपने-अपने स्टाल लगा रखे हैं जिसमें नाष्ता व मिठाईयां मोटे अनाज की बनाई गई है। यह देख लोग आष्चर्यचकित थे। उनको आषा नहीं थी कि मोटे अनाज से भी अच्छी डिषें बन सकती हैं। इस मौके पर अधिकतर वक्ताओं ने ज्वार बाजरा के फायदे गिनाये और कहा कि मोटे अनाज से लोग ज्यादा स्वस्थ रह सकते हैं।

## विद्यालय का ताला तोड़कर मिड डे मील का राशन व सिलेंडर चोरी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिनाहू में शुक्रवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर मिड डे मील का राशन व गैस सिलेंडर भगौना आदि सामान चुरा ले गए शनिवार की सुबह जब प्रधानाध्यापक नसरीन बानो विद्यालय पंहुची तो कमरे का ताला टूटा देख भौचक रह गई जिसकी जानकारी तत्काल हिनाहु ग्राम प्रधान संजय त्रिपाठी को दिया मौके पर पहुंचे ग्रामप्रधान प्रतिनिधि प्रदीप त्रिपाठी व प्रधानाध्यापक नसरीन बानो ने नवाबगंज पुलिस को चोरी गए सामान की लिखित तहरीर दिया पुलिस जांच पड़ताल में लगी हुई है। घटना को विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया।

# किसान मेला एवं प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ



किसान को बाल्टी वितरित करतीं रत्ना सिंह व अन्य।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू अवधेशपुरम कालाकांकर प्रतापगढ़ में जैविक खेती के साथ अन्न यानी मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को जागरूक करने के लिए दो दिवसीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डा0 संजय सिंह महानिदेशक उपकार लखनऊ ने शनिवार को फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमारी रत्ना सिंह ने किया जिसमे डा0 पी0एस0 ओझा प्रदेश सलाहकार एफ.पी.ओ., डा0 वाई पी0 सिंह निदेशक एवं सलाहकार, आर.ए.वी.जी. ग्लोबल सोलूसन प्रा0लि0, डा0 बी0के0 द्विवेदी निदेशक ब्रिआट्स, श्री संजीव कुमार शुक्ला निदेशक अन्न गर्भा बायो इनर्जी, डा0 ए0के0 श्रीवास्तव आर्गेनिक/नेचुरल, डा0 एस0के0 शुक्ला प्रबन्ध निदेशक डक्स मार्केटिंग लखनऊ सहित 300 किसान उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि डा0 संजय सिंह महानिदेशक उपकार ने कहा कि किसान मिलेट्स के पैदावार से जुड़े हैं मिलेट्स के प्रचार प्रसार से और इसके खानपान में वृद्धि से छोटे किसानों को सीधे फायदा होगा। डा0 एस0 के0 ओझा ने किसानों को जैविक खेती की चुनौतियों के बारे में बताया तथा जैविक खेती करने के तरीके और उससे कैसे फायदा उठाये के बारे में विस्तार से बताया।

## कोटेदार के निर्विरोध निर्वाचन पर झलकी खुशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज ब्लाक के देवापुर गांव मे शुक्रवार को सरकारी खाद्यान्न की दुकान के लाइसेंसधारी का निर्विरोध चयन होने से ग्रामीणो मे खुशी देखी गयी। एसडीएम के निर्देश पर गांव के प्राथमिक विद्यालय मे हुई बैठक मे अंजनी कुमार द्विवेदी सर्वसम्मत से कोटेदार चयनित किये गये। यहां दुकान के लिए सामान्य सीट पर चुनाव कराया गया। एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी व ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप यादव ने चुनाव प्रक्रिया की देखरेख की। अंजनी के सर्वसम्मत से कोटेदार चयनित होने पर रोहित मिश्र, प्रेम कुमार द्विवेदी, पूर्व प्रधान संतोष द्विवेदी, सूर्यभान द्विवेदी, राजेन्द्र सरोज, कपिलदेव मिश्र, अशोक मिश्र, विश्वनाथ वर्मा, रफीक अहमद ने खुशी जतायी।

# बेल्हा देवी मंदिर को स्वच्छ विरासत घोषित करने पर सफाई पर विशेष ध्यान

### बेल्हा देवी मंदिर के घाटों की सफाई में लगे 40 सफाई कर्मी



बेल्हा देवी मंदिर के घाटों की सफाई करते सफाई कर्मी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बेल्हा देवी मंदिर को स्वच्छ विरासत के रुप में विकसित करने की प्रदेष सरकार द्वारा की गई घोषणा के बाद यहां मंदिर व घाटों की सफाई पर विषेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर पालिका ने शनिवार को लगभग 40 सफाई कर्मचारी लगाकर बेल्हा देवी के घाटों की साफ-सफाई सुबह से ही शुरू कर दी थी।

बेल्हा देवी मंदिर के बगल बहने वाली सई नदी में चुनरी, कलष, कलावा, जलकुंभी भारी संख्या में निकाला गया। बता दें कि नवरात्र में लोग चुनरी, कलष भी नदी में प्रवाहित कर देते हैं जिससे नदी प्रदूषित हो रही है। आज शनिवार को नगर पालिका ने चुन-चुनकर चुनरी, कलष नदी से निकाला।

नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बेल्हा देवी घाट पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रषासन व शासन द्वारा इसे श्रद्धा व पर्यटन का केन्द्र बनाने की मंषा है जिसके तहत नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील के निर्देषन में बेल्हा देवी मंदिर के घाटों की सफाई की जा रही है। शनिवार को नगर पालिका के ईओ ने भी घाटों की हो रही सफाई का निरीक्षण किया।

# करंट की चपेट मे आने से शिक्षक की मौत, शोक की लहर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विद्युत करंट की चपेट मे अचानक शिक्षक की आकस्मिक मौत हो गयी। शिक्षक की मौत से घर परिवार मे कोहराम मच गया। वही इलाके मे भी शोक छा गया। लीलापुर थाना के हण्डौर गांव निवासी पूर्व प्रधानाचार्य रामचंद्र त्रिपाठी के पुत्र कुलदीप त्रिपाठी 48 प्राथमिक विद्यालय मे शिक्षक थे। वह इन दिनों लक्ष्मणपुर ब्लाक के चंदापुर गांव में तैनात थे।

शुक्रवार की रात गांव में सामूहिक देवी आरती हो रही थी। कुलदीप माइक पर आरती कर रहे थे। अचानक बिजली चली गयी और कुछ ही देर में बिजली फिर आ गयी। इस बीच माइक मे करंट आ जाने से शिक्षक कुलदीप वहीं मूर्छित होकर गिर पड़े। आननफानन मे परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गये। वहां चिकित्सको ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया। शव लेकर परिजन घर लौटे तो घर परिवार मे कोहराम मच गया। जानकारी होने पर लीलापुर पुलिस शनिवार की सुबह मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया। कुलदीप के सरल स्वभाव व अच्छे व्यवहार को लेकर गांव मे भी घटना से मातम छा गया। बड़ी तादात मे उपस्थित लोग मृतक कुलदीप के पिता रामचंद्र व चाचा रामअवध त्रिपाठी व रामआसरे त्रिपाठी को ढ़ाढस बंधाते भी दिखे।

शिक्षक की मौत की जानकारी होते ही पूर्व प्रधानाचार्य रामचंद्र त्रिपाठी के घर लोगों का भारी जमावड़ा हो उठा। कुलदीप के साथी शिक्षको मे भी घटना को लेकर शोक छा गया। लालगंज टाउन एरिया के चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश मिश्र मदन, पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, डा. वीरेन्द्र मिश्र, सौरभ मिश्र, पूर्व एसीएमओ डा. आरएस त्रिपाठी, प्रधानाचार्य सुनील कुमार शुक्ल, जिपंस प्रतिनिधि गणेश प्रताप सिंह आदि ने परिजनो से मिलकर दुख जताया। वहीं प्राथमिक शिक्षको ने भी शनिवार को बैठक कर साथी के निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक नेता निर्भय सिंह व संचालन सोनू मिश्र ने किया। इस मौके पर आनंदपाल सिंह, महेश्वर शुक्ल, राजेश मिश्र, आशुतोष मिश्र, डा. रामसमुझ तिवारी आदि रहे।

## घायल अधेड़ की उपचार के दौरान मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कालाकाकर निवासी प्रहलाद पुत्र गया प्रसाद अग्रहरी (70) वर्षीय गुरुवार की भोर पहर कमरे के अंदर अपने पेट में नाभी के पास चाकू मार लिया जिससे नाभी की आंते बाहर निकल आई जिससे काफी खून बह गया जिसे मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस उपचार के लिए प्रयागराज स्वरूपरानी ले गई जहां उपचार के दौरान शुक्रवार की रात मौत हो गई घटना का कारण पता नही चल सका मृतक की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है जिसके सिर्फ चार बेटियां ही थी सभी की शादी हो चुकी है पत्नी की छह साल पहले ही मौत हो गई किसी तरह अकेले जीवन यापन कर रहा था जिन्दगी से ऊबकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मौत की खबर मिलते ही ग्राम प्रधान कुंवर मनीष सिंह व ग्राम वासियों में मायूसी छा गई।

## भण्डारे में ग्रहण किया प्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार को ब्लाक परिसर मे मृतक बंदर की आत्मा की शांति के लिए भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे मे शामिल पंचायत प्रतिनिधियो के अलावा स्थानीय लोग व ब्लाक मे आये जरूरतमंद प्रसाद ग्रहण करते दिखे। इसके पहले परिसर स्थित भगवान शिव के मंदिर मे हनुमान चालीसा का भी सामूहिक पाठ हुआ। भण्डारे मे ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद दुबे, प्रधान उधम सिंह, विद्युत मिश्र, विमलेश सिंह, बृजेश सिंह, प्रीतेन्द्र ओझा, मुरलीधर तिवारी आदि रहे। भण्डारे का संयोजन ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्रमौलि सिंह ने किया। बतादें तेरह दिन पूर्व ब्लाक के सामने लालगंज कालाकांकर रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बंदर की मौत हो गयी थी।

# लापरवाही पर रोडवेज संविदा चालक के खिलाफ केस, सेवा समाप्त

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लापरवाही से बस चलाने को लेकर संविदा चालक पर विभाग की गाज गिरी है। आरोपी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के साथ उसकी संविदा समाप्त कर दी गयी है। परिवहन निगम की यात्री सेवा को लापरवाहीपूर्वक चलाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो परिवहन विभाग मे हडकंप मच गया।

बस में सवार यात्रियो मे से भी किसी के द्वारा यह मामला टवीट कर दिये जाने से विभागीय अफसर सकते मे आ गये। एआरएम की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। लालगंज के एआरएम पीके कटियार ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बाइस मार्च को लालगंज डिपो की यात्री सेवा लखनऊ जा रही थी। नेशनल हाइवे पर मेढ़ावां के पास बस चालक कैलाशपति त्रिपाठी द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से यात्रियो तथा हाइवे किनारे मौजूद लोग बड़ी दुर्घटना को लेकर परेशान हो गये। बस के परिचालक अरविंद पाण्डेय ने इसकी जानकारी अफसरो को दी। इस बीच बस मे सवार किसी यात्री ने यह मामला टवीट कर दिया। वहीं सोशल मीडिया मे भी चालक की करतूत वायरल हो गयी। शासन तक मामला पहुंचा तो निगम के अफसर सन्न रह गये। एआरएम की तहरीर पर आरोपी चालक कैलाशपति के खिलाफ पुलिस ने लापरवाही से बस चलाने का मुकदमा दर्ज किया है। एआरएम ने बताया कि घोर लापरवाही के आरोप मे संविदा चालक की संविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गयी है।

## कंपनी के मैनेजर की प्रताड़ना से पट्टी के युवक ने प्रयागराज में की खुदकुशी, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** टेलीकॉम कंपनी में फील्ड वर्कर के रूप में काम कर रहे पट्टी के रहने वाले युवक ने प्रयागराज के सहसो में अपने कमरे के भीतर पंखे से फांसी का फंदा डालकर अपने गले में लगाकर खुदकुशी कर लिया। खबर उसके पैतृक आवास पर उसके माता-पिता के साथ परिवार में लगी तो सभी बिलखने लगे। मैनेजर की प्रताड़ना से भरा सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया। मृतक युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मैनेजर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत उतरास आज गांव के रहने वाले सूरजमल गुप्ता के दो बेटों में छोटा बेटा श्रवण कुमार (22) पॉलिटेक्निक करने के बाद ग्रेजुएशन थर्ड ईयर में पढ़ाई करने लगा रोजगार की तलाश में वह प्रयागराज गयाख जहां पर सहसो में एक टेलीकॉम कंपनी में फील्ड वर्कर के रूप में उसका नौकरी मिल गई तो वह सहसों में ही वह कमरा लेकर रहने लगा। शुक्रवार कि रात को कमरे की छत में लगे हुए पंखे में रस्सी डालकर अपने गले में लगाकर खुदकुशी कर लिया। उसके पास से सुसाइड नोट भी मिला जिसमें उसने मैनेजर पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मैनेजर पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। युवक की मौत पर मां प्रेमा देवी तथा विजय सूरजमल गुप्ता का रो रो कर बुरा हाल है।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सुनील साहू पुत्र कामता प्रसाद साहू निवासी खोरा थाना मंझनपुर को ओसा पुलिस लाइन के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त संजय पासवान पुत्र उमेश कुमार पासवान नि0 वार्ड 03 शान्तिनगर कस्बा अझुआ थाना सैनी को सैनी बस स्टैण्ड से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### बम के साथ गिरफ्तार

कौशाम्बी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त बैजू पासी पुत्र इन्दल पासी निवासी ओसा थाना मंझनपुर को ओसा नहर पुलिया के पास से 04 अदद देशी बम के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# अलग-अलग स्थानों पर मिली दंपत्ति की लाश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सुजातपुर बम्हरौली गांव के एक दंपत्ति की अलग-अलग स्थानों पर लाश मिली है शनिवार की सुबह दंपत्ति की अलग-अलग स्थानों पर लाश मिलने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों का हुजूम मौके पर उमड़ पड़ा और जिसने भी दंपति की मौत की बात सुनी वह अचंभित हतप्रभ रह गया कि आखिर ऐसे कैसे हो गया मामले की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और दंपत्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दंपत्ति की मौत ने कई अनसुलझे सवाल छोड़ दिए हैं जिनका हल करना पुलिस के लिए जरूरी हो गया है लेकिन पुलिस ने अनसुलझे सवालों को हल करने के बजाय जल्दबाजी में बयानबाजी शुरू कर दिया है पुलिस का कहना है कि पति ने पहले पत्नी की हत्या कर दिया है और आत्मग्लानि में आकर उसने रेल लाइन पर आकर आत्महत्या कर लिया है लेकिन यह कहानी ग्रामीणों को हजम नहीं हो रही है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बम्हरौली गांव निवासी साजन उम्र 55 वर्ष पुत्र जगरूप का कई लोगों से रंजिश चल रही थी पुलिस का कहना है कि शुक्रवार की रात्रि में साजन का अपनी पत्नी रानी से विवाद हुआ है और विवाद के बाद साजन ने पत्नी रानी की हत्या कर दी है पुलिस के मुताबिक रानी की हत्या करने के बाद साजन ने आत्मग्लानि के बाद रेल लाइन पर आत्महत्या कर लिया है पत्नी रानी की लाश घर के भीतर पड़ी थी और पति साजन की लाश शुजातपुर रेलवे स्टेशन के पास रेल लाइन के पास पड़ी थी पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कई लोगों से थी मृतक की दुश्मनी बिना साक्ष्य एकत्रित किए जल्दबाजी में पुलिस कर रही बयानबाजी


मृतक के घर के बाहर लगी भीड़

### जुबान खोलने को तैयार नहीं है ग्रामीण

**कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के सुजातपुर बम्हरौली गांव में दंपति की लाश मिलने के बाद इलाके के लोग सन्न रह गए हैं इलाके के लोग दंपति के मौत के मामले में जुबान खोलने को तैयार नहीं है वारदात के पीछे बड़ी साजिश की बू आ रही है जिसकी जांच कराकर दंपति मौत के मामले की सच्चाई उजागर करनी होगी।

### कैसे पता चला आत्मग्लानि में किया आत्महत्या!

कोखराज थाना क्षेत्र के सुजातपुर बम्हरौली गांव में दंपति के मौत के मामले में पति साजन की मौत के बाद कैसे पता चला कि उसने आत्मग्लानि में आत्महत्या कर लिया है मौत के पहले उसने किससे आत्मग्लानि की बात कही है इस बात पर कोई ग्रामीण जुबान खोलने को तैयार नहीं है लेकिन पुलिस का कहना है कि आत्मग्लानि में उसने आत्महत्या कर लिया है तो मरने के बाद यह कैसे पता चला कि पत्नी की हत्या करने के बाद साजन को आत्मग्लानि थी।

### मृतक के घर सुबह पहले पहुंचा कौन

सुजातपुर बम्हरौली गांव में दंपति की मौत ने तमाम सवाल छोड़ दिए हैं यदि आधी रात को पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने आत्महत्या कर लिया तो शनिवार की भोर उसके घर सबसे पहले कौन पहुंचा है आखिर कौन सी ऐसी जरूरत पड़ गई थी कि सुबह भोर में उसके घर पहुंचने के बाद दंपति की मौत की बात पूरे गांव को बताई है वह व्यक्ति कौन है पत्नी की हत्या करते पति को किसने देखा है पूरे गांव में कोई जुबान खोलने को तैयार नहीं है आखिर साजन ने रेल लाइन पर आत्महत्या कर लिया है रेल लाइन की ओर जाते उसे आखिर किसने देखा है कोई चश्मदीद सामने आने को तैयार नहीं है जिससे दंपति की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पुलिस को अपराध की तह में जाना होगा

पुलिस को अपराध की तह में जाना होगा पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच करनी होगी यदि पत्नी की हत्या कर पति ने आत्महत्या कर लिया है तो दंपति मौत के मामले की पत्रावली बंद करना गुनाह नहीं होगा लेकिन किसी अन्य ने दंपति को रास्ते से हटाया है तो जल्दबाजी में पुलिस द्वारा दिया गया बयान उस अपराधी को लाभ पहुंचा सकता है पुलिस की लापरवाही से अपराधी को लाभ ना मिले बल्कि अपराधी को कठोर दंड दिलाना पुलिस के कर्तव्य में शामिल है इसलिए दंपति मौत में पुलिस को बारीकी से हर पहलू की जांच करने के बाद कोई बयानबाजी शुरू करनी चाहिए लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया।

### पुलिस अभिलेखों में दफन है कई मौत के राज!

कोखराज थाना क्षेत्र के सुजातपुर बम्हरौली दंपति मौत के अलावा भी इलाके के कई मौत के मामले वर्षो बीत जाने के बाद भी पुलिस अभिलेखों में दफन रह गए हैं असवा गांव के पास वर्षों पहले प्रेमी युगल की लाश रेल लाइन पर मिली थी क्षेत्र के प्रेमी युगल थे लेकिन पुलिस ने इंकार कर दिया कई वर्ष बीत जाने के बाद भी रेल लाइन में मिली लाश का राज नहीं खुल सका है वर्षों बाद इस मामले का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी इसी तरह बालक मऊ गांव में डॉक्टर की हत्या का राज कई वर्षों बाद भी पुलिस अभिलेखों में दफन रह गया है डॉक्टर हत्याकांड का खुलासा भी पुलिस नहीं कर सकी है इलाके में और कई घटनाएं हैं जिनका राज पुलिस अभिलेखों में दफन रह गया है।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा दो अभियुक्तो सुरेश कुमार पुत्र भइया लाल निवासी चान्देराई थाना पश्चिम शरीरा व गिरधारी गौतम पुत्र रामलाल निवासी छब्बू का पुरवा थाना पश्चिम शरीरा को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 400 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 95 रुपए बरामद होने पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है।

### शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रोहित सेन पुत्र रामसुहावन निवासी कटैया खागा थाना मऊ जनपद चित्रकुट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# वर्ष 2022-23 के लिए 24 हजार 745 लाख रुपए परिव्यय को किया गया अनुमोदित

### प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक सम्पन्न

**सभी दुग्ध समितियों को सक्रिय किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि किसानों को दूध का उचित मूल्य प्राप्त हों सकें : राज्यमंत्री**




अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रदेश के राज्यमंत्री कारागार/प्रभारी मंत्री सुरेश राही की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला योजना समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिला योजना समिति की बैठक में वर्ष 2022-23 के लिए 24 हजार 745 लाख धनराशि परिव्यय को समिति द्वारा विचार-विमर्श कर अनुमोदित किया गया वर्ष 2022-2023 के कुल प्राप्त परिव्यय के सापेक्ष प्रस्तुत जिला योजना के अन्तर्गत 6042.50 लाख पूँजीगत मद में अनुमोदित किया गया है, जो कुल परिव्यय का 24.41 प्रतिशत है तथा परिव्यय में 5157.25 लाख एस.सी.पी. मद के अन्तर्गत अनुमोदित किया गया है, जो कुल परिव्यय का 20.84 प्रतिशत है इस योजना में सामाजिक क्षेत्र के अन्तर्गत 1988.90 लाख रुपए का परिव्यय अनुमोदित किया गया है, जो कुल परिव्यय का 8.03 प्रतिशत है। केन्द्र पुरोनिर्धानित योजना के अन्तर्गत रू0 11732.00 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया है जो कुल परिव्यय का 47.41 प्रतिशत है। जिला योजना के अन्तर्गत कृषि विभाग-के तहत 32 लाख रुपए की धनराशि अनुमोदित की गई है। अनुमोदित धनराशि में से 19.20 लाख रुपए एस.सी.पी. मद के अंतर्गत रखा गया है, कुल धनराशि से किसानो को आधारी बीज एवं तिलहन का वितरण किया जाता है। इसी प्रकार पशुपालन विभाग-के तहत कुल 165.56 लाख अनुमोदित किया गया है। इसके अन्तर्गत 107.56 लाख से पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा रोग निदान सेवाओं का सुधार एवं विस्तार 42 लाख से गाय एवं भैंसों में कृत्रिम गभार्धान द्वारा पशु प्रजनन सुविधाओ का सुधार एवं विस्तार तथा बैफ के माध्यम से प्रजनन की सुविधायें उपलब्ध कराना 06 लाख से भेड प्रजनन प्रक्षेत्रों की स्थापना एवं स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराना तथा 10 लाख से 10 सूकर प्रजनन प्रक्षेत्रो का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जाना अनुमोदित किया गया है। दुग्ध विकास विभाग-के तहत कुल 91.87 लाख की धनराशि अनुमोदित की गयी है, जिसमें 6.10 लाख से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु दुग्ध उत्पादकों/समितियों का तकनीकी निवेश 72.77 लाख से दुग्धसंघों/समितियो का सुदृढ़ीकरण, पुनर्गठन, विस्तार तथा 13 लाख से कृषकों को प्रशिक्षण आदि कार्यो हेतु रखा गया है। सहकारिता विभाग-के तहत कुल 149 लाख अनुमोदित किया गया है। इसके अन्तर्गत सहकारी समितियों द्वारा पूर्व में निर्मित जर्जर गोदामों की मरम्मत व निर्माण कराये जाने के लिए अनुमोदित किया गया है। वन विभाग-के तहत वानिकी के लिए कुल 919.81 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया है। शहरी क्षेत्रों में वृक्षारोपण कराये जाने के लिए 80.43 लाख तथा सामाजिक वानिकी योजना के अन्तर्गत 839.38 लाख का परिव्यय रखा गया है, जिसमें 235.94 लाख एससीपी मद मे रखा गया है। इसके अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण, नये पौधे उगान आदि के माध्यम से सडकों के किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण कराये जाने के कार्य अनुमोदित है। ग्राम्य विकास के विशेष कार्यक्रम-यह योजना केन्द्र पोषित है, जिसमें 60 प्रतिशत केन्द्रांश एवं 40 प्रतिशत राज्यांश की धनराशि सम्मिलित है। एनआरएलएम योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बी.पी.एल. परिवार के लोगों की समूह गठित कर स्वरोजगार उपलब्ध कराया जाना है। सिचाई एवं जल संसाधन-यह केन्द्र पोषित योजना है, जिसमें 60 प्रतिशत केंद्रों एवं 40 प्रतिशत राज्यांश की धनराशि सम्मिलित है। एकीकृत वाटर शेड मैनेजमेन्ट कार्यक्रम (आई0डब्लू0एम0पी0) योजना के अन्तर्गत 40.00 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत मेड़ बन्दी, वृक्षारोपण, ऊसर सुधार एवं जल संसाधन हेतु चेक डैम आदि का कार्य कराया जाना है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी कार्य-के तहत 8692.84 लाख की धनराशि अनुमोदित है। इस योजना के अन्तर्गत 24.75 लाख मानव दिवस का सृजन किया जायेंगा। पंचायती राज-के तहत कुल 244.44 लाख की धनराशि अनुमोदित है। बहुउद्देशीय पंचायत भवन के निर्माण मद में रू0 244.44 लाख धनराशि अनुमोदित की गयी है सामुदायिक विकास (ग्राम्य विकास)-इस विभाग द्वारा शून्य धनराशि अनुमोदित की गयी है। निजी लघु सिंचाई-के तहत कुल 2871.38 लाख की धनराशि अनुमोदित की गयी हराजकीय लघु सिंचाई (नलकूप)-के तहत नलकूपो के आधुनिकीकरण मद के अन्तर्गत 84.36 लाख की धनराशि अनुमोदित है। अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत (नेडा)-के तहत सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 28.66 लाख की धनराशि अनुमोदित की गयी है। खादी ग्रामोद्योग-के तहत मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजनान्तर्गत लाभार्थियों को ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराने हेतु 100.00 लाख की धनराशि अनुमोदित की गयी है। सड़क एवं पुल-के तहत कुल 480.00 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया है, पर्यावरण-के तहत 03 लाख की धनराशि अनुमोदित की गयी पर्यटन विभाग-के तहत कुल 205 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया है, जिसमें जनपद के 25 स्थलो (जनपद कौशाम्बी में महाकाल भगवान कलेश्वर नाथ जी के शिवालय का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास, जनपद कौशाम्बी के ग्राम हिसामपुर माढ़ो विधान सभा सिराथू मे स्थित 100 वर्ष पुराने मन्दिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास, जनपद कौशाम्बी के ग्राम समसपुर विकास खण्ड मूरतगंज में स्थित काली माता मन्दिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास, जनपद कौशाम्बी के बिहामीदपुर-देवीगंज ब्लाक कड़ा मे स्थित शीतला माता धाम के नजदीक गंगा के तट पर स्थित प्राचीन नागा बाबा जी की कुटी एवं भगवान महादेव जी के प्रचीनतम मन्दिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास, ग्राम भकन्दा विकास खंड कौशाम्बी में यज्ञ स्थल एवं हनुमान जी के मन्दिर का सौन्दर्यीकरण एवं भैरव बाबा मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण, ग्राम शाहपुर विकास खंड सरसवां में माँ सर्वभक्षिणी मन्दिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास, उजाहिनी खालसा गंगा घाट का पर्यटन विकास, बोधि वृक्ष कौशाम्बी का पर्यटन विकास, प्राचीन शिवमंदिर शम्साबाद का पर्यटन विकास, रामजानकी मंदिर बदनपुर का पर्यटन विकास, बदनपुर आश्रम सिराथू, ग्राम टेंवा मे स्थित महेश बाबा मंदिर (भगवान शिव जी का मंदिर) का जीर्णोद्धार एवं सौदर्यीकरण, ग्राम भद्दूपुर, टेनशाहआलमाबाद मे स्थित माँ दुर्गा जी का देवस्थान का जीर्णोद्धार एवं सौदर्यीकरण, ग्राम टेनशाह आलमाबाद में स्थित बैताल बाबा मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौदर्यीकरण) का पर्यटन विकास हेतु रखा गया है। विकास खण्ड मंझनपुर ग्राम भद्दूपर में बारात घर का निर्माण, वि0ख0 मंझनपुर, ग्राम सुखदेवपुर में बारात घर का निर्माण, वि0ख0 मंझनपुर ग्राम इब्राहिमपुर में बारात घर का निर्माण, जनपद कौशाम्बी के वि0ख0 सिराथू कमासिन माता मन्दिर का निर्माण, जनपद कौशाम्बी में दुर्गा मन्दिर, मंझनपुर का पर्यटन विकास, कड़ा धाम भैरव बाबा मंदिर का पर्यटन विकास, वि0ख0 सरसवां के बैखर बाबा मन्दिर के पर्यटन विकास, वि0ख0 सरसवा के सन्यासी बाबा आश्रम पर्यटन विकास, वि0ख0 सरसवा के भैरव बाबा मंदिर रानीपुर कटरी का पर्यटन विकास, वि0ख0 सिराथू के ठाकुर वारा मन्दिर का पर्यटन विकास। प्राथमिक शिक्षा-यह केन्द्र पोषित योजना है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्र्तगत कुल 277.72 लाख का परिव्यय रखा गया है, जिसमें 110.88 लाख एस0सी0पी0 मद में रखा गया है। माध्यमिक शिक्षा-के तहत कुल 326.37 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया है। व्यवसायिक शिक्षा पाठयक्रमों के विषयां के विशेषज्ञो के मानदेय हेतु 20.00 लाख तथा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान योजना के अन्तर्गत 70.00 लाख का परिव्यय रखा गया है। जिला स्तर पर शिक्षा कार्यालय तथा आवासीय भवनों का निर्माण हेतु रू0 200.00 लाख एवं राजकीय जिला पुस्तकालयो के भवन के निर्माण हेतु 34.37 लाख का परिव्यय रखा गया है। प्राविधिक शिक्षा-के तहत कुल 200.00 लाख अनुमोदित किया गया है। राजकीय पॉलिटेक्निक में छात्रावासो का निर्माण, सुदृढ़ीकरण तथा विस्तार मद के अन्तर्गत 173.18 लाख तथा उपकरण, साज-सज्जा, नवीन व्यवसाय मद के अन्तर्गत 26.82 लाख का परिव्यय रखा गया है। प्रादेशिक विकास दल-के तहत कुल 47.45 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूल प्रतियोगिताओं का आयोजन हेतु 4.00 लाख, प्रान्तीय रक्षक दल का प्रशिक्षण मद में 7.35 लाख, युवक मंगल दल/महिला मंगल दलों का प्रोत्साहन मद में 8.00 लाख एवं ग्रामीण स्टेडियमों का संचालन एवं उपकरण मद में 28.10 लाख का परिव्यय रखा गया है। खेलकूद-के तहत तरणताल के निर्माण के लिए 113.39 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया है। एलोपैथी-के तहत कुल 815 लाख रू0 का परिव्यय अनुमोदित किया गया है अनुमोदित धनराशि में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो के भवन निर्माण मद में 400 लाख वर्तमान प्राथमिक केन्द्रो के नवीनीकरण, विस्तार एवं बिजली पानी की व्यवस्था के लिए 100 लाख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन निर्माण के लिए 250 लाख, नये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना मद में 30 लाख, रोगी आश्रय स्थलों का निर्माण मद में 35 लाख की धनराशि अनुमोदित की गयी है। परिवार कल्याण-यह केन्द्र पोषित योजना है, होम्योपैथी-के तहत कुल 19.50 लाख रू0 की धनराशि का परिव्यय अनुमोदित किया गया है जिसमें शहरी क्षेत्र में होम्योपैथी चिकित्सालय स्थापना मद में 6.50 लाख रू0 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में होम्यापैथ औषधालयो की स्थापना मद में 13 लाख रू0 अनुमोदित किया गया है। आयुर्वेद-के तहत 60 लाख रुपए का परिव्यय अनुमोदित किया गया है, आयुर्वेद चिकित्सालयों के निर्माण मद में 60 लाख रू0 का परिव्यय अनुमोदित किया गया है। यूनानी-के तहत यूनानी चिकित्सालयो के निर्माण के लिए रू0 30.00 का परिव्यय अनुमोदित किया गया है। ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम-के तहत रू0 530.88 लाख की धनराशि स्वच्छ शौचालय निर्माण के लिए अनुमोदित की गयी है। पूल्ड आवास- के तहत रू0 865.39 लाख की धनराशि अनुमोदित की गयी है। ग्रामीण आवास-के तहत कूल 3449.13 लाख रू0 का परिव्यय अनुमाकदित किया गया हे प्रधानमंत्री आवास के लिए 3449.13 लाख रू0 की धनराशि रखा गया है, जिसमें 1881.35 लाख रू0 एस0सी0पी0 मद मे रखा गया है। नगरीय पेयजल-के तहत रू0 639.65 लाख की धनराशि अनुमोदित की गई है जिसके अन्तर्गत 25 कि.मी. पाइप लाइन का विस्तार कार्य, 03 नये ट्यूबवेल का अधिष्ठापन कार्य, नये 200 इण्डिया मार्का-हैण्डपम्प एवं नगर पंचायतो में ओ0एच0टी0 मरम्मत व अन्य तत्सम्बन्धित कार्य कराया जायेंगा। अनुसूचित जाति कल्याण-इसके तहत कुल 446.46 लाख रू0 का परिव्यय अनुमोदित किया गया हे। इस योजना में 50 प्रतिशत केन्द्रांश एवं 50 प्रतिशत राज्यांश की धनराशि सम्मिलित है। योजनान्तर्गत पूर्व दशम छात्रवृत्ति के लिए 135 लाख रू0 एवं अत्याचार से पीडित व्यक्तियो को आर्थिक सहायता मद में 26.46 लाख रू0 रखा गया है, 05 लाख, रा0आ0पद्धति विद्यालयो की स्थापना, निर्माण, विस्तार एवं रख-रखाव मद में रू0 80 लाख तथा निर्धन व्यक्तियो की पुत्री की शादी हेतु अनुदान मद में रू0 200 लाख का परिव्यय रखा गया है। पिछड़ावर्ग कल्याण-के तहत कुल 151 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया है। इस योजना में 21 लाख रुपए छात्रवृत्ति हेतु, निर्धन व्यक्तियो की पुत्री की शादी के लिए अनुदान मद में रू0 130 लाख का परिव्यय रखा गया है अल्पसंख्यक कल्याण-के तहत कुल 50.00 लाख रू0 का परिव्यय अनुमोदित किया गया है जिसमें 20 लाख रू0 अल्पसंख्यक छात्रों के लिए तथा निर्धन व्यक्तियो की पुत्री की शादी के लिए अनुदान मद में रू0 30 लाख का परिव्यय रखा गया है समाज कल्याण (सामान्य जाति)-के तहत कुल 253 लाख रू0 का परिव्यय अनुमोदित किया गया है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले सामान्य जाति के छात्रों को प्री मैट्रिक योजना में 20 लाख रू0 एवं 208 लाख रू0 पोस्ट मैट्रिक छात्र/छात्राओ को छात्रवृत्ति दिये जाने के लिए तथा निर्धन व्यक्तियो की पुत्री की शादी हेतु अनुदान मद में रू0 25 लाख का परिव्यय रखा गया है शिल्पकार प्रशिक्षण-के तहत कुल 200 लाख रू0 का परिव्यय अनुमोदित किया गया, समाज कल्याण-के तहत कुल 454 लाख रू0 का परिव्यय अनुमोदित किया गया है। अनुमोदित धनराशि में वृद्धावस्था पेंशन मद में 204 लाख रू0, जिसमें 68 लाख रू0 एस0सी0पी0 मद में तथा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना मद मे 250 लाख रू0, जिसमें 125 लाख रू0 एस0सी0पी0 मद में रखा गया है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण-के तहत कुल 634.44 लाख रू0 की धनराशि को अनुमोदित किया गया है। महिला कल्याण-के तहत कुल 960 लाख रू0 का परिव्यय अनुमोदित किया गया है, जिसमें 575.39 लाख रू0 एस0सी0पी0 मद मे रखा गया है। इस योजना के अन्तर्गत निराश्रित विधवाओ को पेंशन सहायता प्रदान की जाती है। राज्यमंत्री ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया कि रोस्टर के अनुसार नहरों में पानी बन्द करने की सूचना समाचार पत्रों में एक हफ्ते पहले ही प्रकाशित कराया जाय,उन्हांने अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को निर्देशित किया कि सड़कों के निर्माण में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनपद में अभूतपूर्व विकास के कार्य हुए है। इस अवसर पर सांसद विनोद सोनकर विधायक विधान परिषद डॉ0 केपी श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्षा अनीता त्रिपाठी, पूर्व विधायकगण संजय गुप्ता लाल बहादुर एवं शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं जिला योजना समिति के सदस्यगण अजय सोनी, रमेश कुमार पासी, प्रेमचन्द्र चौधरी आदि तथा जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### महामाया महाविद्यालय में किया गया परिषदीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन




**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में आज सत्र 2022- 23 के परिषदीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया इस समारोह की अध्यक्षता डॉ अरविंद कुमार ,प्राचार्य, महामाया राजकीय महाविद्यालय द्वारा की गई कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके हुआ। तत्पश्चात अभिषेक सरोज द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गया सत्र 2022-23 के महाविद्यालय के सभी विभागों द्वारा विभागीय परिषद का गठन किया गया तथा परिषदीय कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इन प्रतियोगिताओं में प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को एवं परिषदीय चुनाव के अंतर्गत उपाध्यक्ष ,सचिव,व कक्षा प्रतिनिधि पद पर चुने गए छात्र- छात्राओं को संबंधित प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्राचार्य अरविंद कुमार द्वारा प्रदान किया गया। इस परिषदीय कार्यक्रम में डॉ तरित अग्रवाल एवं डॉ अनिल कुमार आदि प्राध्यापकों ने अपने विचार व्यक्त किए गए प्राचार्य अरविंद कुमार ने पुरस्कार पाने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा उन्होंने अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि छात्र छात्राएं अपने जीवन में उच्च शिखर पर अपना नाम अंकित करें। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ अजय कुमार द्वारा किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ0 रीता दयाल, डॉ भावना केसरवानी , डॉ0 तरित अग्रवाल , डॉ0 नीरज कुमार सिंह , डॉ0 अमित शुक्ल ,डॉ0 शैलेश मालवीय ,,समरजीत राकेश कार्यालय अधीक्षक दिलीप कुमार कनिष्ठ सहायक अजय कुमार वरिष्ठ उदय शंकर पाल कनिष्ठ लिपिक ,मानवेंद्र सिंह साहनी आदि लोग उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस पर समस्त थानों पर सुनी गई जनशिकायते



**कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना कोखराज में व क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा थाना पिपरी में जनशिकायतों को सुना गया तथा प्राप्त शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा जनशिकायतों को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु समबन्धित को अवगत कराया गया। इस क्रम में जनपद में कुल 36 (32 भूमि विवाद व 04 अन्य विवाद पुलिस ) प्राप्त प्रार्थना पत्रो में से 04 (01 भूमि विवाद व 03 अन्य विवाद पुलिस ) का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन कर मौके पर रवाना किया गया।

### 6 बंदूक दो राइफल एक तमंचा बरामद



**कौशाम्बी।** प्रयागराज शहर के तत्कालीन विधायक राजूपाल हत्याकांड मामले से जुड़ी बड़ी खबर कौशांबी पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन अतीक अहमद के खास राजू पाल हत्याकांड के नामजद आरोपी अब्दुल कवि की तलाश में कौशांबी पुलिस ने की छापेमारी। भारी पुलिस फोर्स के साथ चला सर्च ऑपरेशन। पुलिस ने आठ लाइसेंसी असलहे ,एक तमंचा किया बरामद। 6 बंदूक दो राइफल एक तमंचा किया बरामद। थाना सराय अकिल क्षेत्र के भखंदा गांव का मामला बताया जाता है।

### डालमिया सीमेंट की ओर से राजगीर को किया गया सम्मानित



**करारी कौशांबी।** करारी कस्बे के करारी तुलसी गेस्ट हाउस मे डालमिया सीमेंट के द्वारा राजगीर मिस्त्रियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया सम्मान समारोह में इलाके के राजगीर मिस्त्रियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया और उन्हें डालमिया सीमेंट की खूबियों से परिचय कराया जाए। डालमिया सीमेंट के डीलर गणेश ट्रेडर्स करारी ने नगर के राजगीर मिस्त्री को डालमिया सीमेंट की खूबियों से परिचित कराया और डालमिया सीमेंट प्रयोग करने की सलाह दी इस दौरान गणेश ट्रेडर्स ने राजगीर मिस्त्रियों को डालमिया सीमेंट के बारे में विशेष जानकारी दी कार्यक्रम के दौरान राजगीर मिस्त्रियों को गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया कार्यक्रम के दौरान गणेश ट्रेडर्स के मैनेजर अनुज जयसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना चरवा से एक थाना सैनी से एक थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से दो कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही :** कौशाम्बी जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 130 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 03 वाहन से 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# प्रभारी मंत्री को सकिपा नेता ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने शनिवार 25 मार्च को जिला योजना समिति की बैठक में शामिल होने आए जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश कारागार मंत्री सुरेश राही जी को जनपद के विकास एवं जनहित को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में जिले के गन्ना किसानों की सुविधा के लिए चीनी मिल एवं गन्ना क्रय केंद्र की स्थापना, सिराथू क्षेत्र में महिला महाविद्यालय की स्थापना करने, ग्रामीण अंचलों तक परिवहन की सुविधा किए जाने जैसी कई मांगे शामिल थीं। ज्ञापन स्वीकार करते हुए प्रभारी मंत्री ने समुचित कार्यवाही करने की बात कही है। शनिवार को उदयन सभागार कलेक्ट्रेट मंझनपुर में जिला योजना समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश कारागार मंत्री सुरेश राही ने की। बैठक के दौरान अजय सोनी ने पशुपालक किसानो के दूध का उचित मूल्य दिलाने, डार्क एरिया से कौशांबी की मुक्ति दिलाने, पशुपालन और सिंचाई आदि से संबंधित कई मांगे उठाई। बैठक के बाद अजय सोनी ने प्रभारी मंत्री को एक 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश सरकार से कौशांबी के कई क्षेत्र ले लिए तमाम जनहित की मांगे की गई जिनमे कौशांबी जनपद में गन्ना किसानों के हित में चीनी मिल और गन्ना क्रय केंद्र की स्थापना करने, सिराथू क्षेत्र में महिला महाविद्यालय की स्थापना करने, ग्रामीण अंचलों जैसे सिराथू ब्लॉक के खुझा से मंझनपुर होकर प्रयागराज तक सरकारी बस का संचालन करने, कमासिन माता मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित करने, मोंगरी के ताल ब्लॉक सिराथू में सिंचाई की सुविधा विकसित करने जैसी मांगे शामिल थी। ज्ञापन स्वीकार करते हुए प्रभारी मंत्री ने समुचित कार्यवाही करने की बात कही है। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि जनपद के विकास एवं जनहित के लिए मेरा प्रयास और संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, विनय सिंह, वेद शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने टेंवा में नव-निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र का किया उद्घाटन



**कौशाम्बी।** प्रदेश के राज्यमंत्री कारागार/प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने आज ग्राम पंचायत, टेंवा में नव-निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा ग्राम प्रधान ने ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के सम्बन्ध में राज्यमंत्री को विस्तार से जानकारी दी तत्पश्चात राज्यमंत्री/प्रभारी मंत्री ने गौशाला टेंवा के निरीक्षण के दौरान गायों को गुड़ खिलाकर गौपूजन किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को गौशाला में भूसा-चारा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के निर्देश दियें उन्होंने भूसा-चारा स्टोर रूम का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आश्यक दिशा-निर्देश दियें राज्यमंत्री ने ग्राम पंचायत, बहादुरपुर के निवासी श्री रईश अहमद को उनकी इच्छानुसार सहभागिता योजना के तहत गौवंश सुपुर्द भी किया इस अवसर पर सासंद विनोद सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्षा अनीता त्रिपाठी, पूर्व विधायक लाल बहादुर सहित अन्य जनप्रतिनिधगण तथा जिलाधिकारी सुजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें

### प्रभारी मंत्री ने विकास-पुस्तिका का किया विमोचन




**कौशाम्बी।** प्रदेश के राज्यमंत्री कारागार/प्रभारी मंत्री सुरेश राही एवं सांसद विनोद सोनकर ने उत्तर प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित जनपद की विकास पुस्तिका का विमोचन किया इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्षा अनीता त्रिपाठी, पूर्व विधायकगण संजय कुमार गुप्ता लाल बहादुर एवं शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

संपादकीय

# क्यों होते हैं भारतीय दूतावासों पर हमले

आर.के. सिन्हा

**हाल** के दौर में ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका तथा आस्ट्रेलिया स्थित भारतीय दूतावासों/ उच्चायोगों पर लगातार हो रहे उग्र प्रदर्शन तथा हमले सिद्ध कर रहे हैं कि उपर्युक्त देशों की पुलिस तथा सुरक्षा एजेंसियां कितनी काहिल और नकारा हैं। वे इन हमलों को रोकने में नाकाम हैं। ये शर्मनाक है। बीते कुछ दिन पहले लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में लहरा रहे तिरंगे झंडे का जिस बेशर्मी से अपमान किया गया, उससे हरेक राष्ट्रवादी भारतीय का कलेजा फट रहा है। सारा भारत लंदन की घटना के कारण गुस्से में है। जिस भारतीय मूल के ऋषि सुनक के ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर सारा भारत गर्व महसूस कर रहा था, वे अपने पुरखों के देश के तिरंगे का अपमान झेलते रहे। उन्हें भारत से कुछ सबक लेना चाहिए जहां पर 160 देशों के दूतावास तथा उच्चायोग कार्यरत हैं। पर मजाल है कि कोई प्रदर्शनकारी उनके अंदर चला जाए। उस देश के राष्ट्र ध्वज का अपमान करने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता है। देखिए, भारत में बसे तिब्बती हर साल 10 मार्च को तिब्बत आजादी दिवस पर नई दिल्ली के चीन दूतावास के बाहर अवश्य प्रदर्शन करते हैं। 10 मार्च, 1959 को तिब्बत में विद्रोह हुआ, इसके बाद दलाई लामा को भारत में शरण लेनी पड़ी। तभी से तिब्बती 10 मार्च को अपने राष्ट्रीय दिवस के तौर पर मनाते आ रहे हैं। ये तिब्बती चीनी दूतावास के बाहर जोरदार तरीके से प्रदर्शन करते हैं। ये प्रदर्शनकारी चीन के दूतावास की ओर बढ़ने का प्रयास भी करते हैं। इस क्रम में इनकी पुलिस के साथ हाथापाई की नौबत भी आ जाती है। जाहिर है, तिब्बती चीनी दूतावास के बाहर अपने तिब्बत की आजादी के लिए नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करते हैं। इनके हाथों में तिब्बत सरकार के झंडे, पोस्टर और बैनर रहते हैं। पर, इन्हें कभी पुलिस एक सीमा से आगे बढ़ने की अनुमति नहीं देती। हालांकि तिब्बत के सवाल पर भारत की नीति एकदम साफ है। भारत यह मानता है कि चीन ने तिब्बत पर अवैध कब्जा कर रखा है। पर जब बात चीनी दूतावास पर प्रदर्शन की आती है तो भारत सरकार किसी भी सूरत में यह इजाजत नहीं देती कि तिब्बती प्रदर्शनकारी चीनी दूतावास पर हमला कर दें। हां, इन्हें दूतावास से थोड़ी दूर रहकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की अनुमति तो मिलती है। इसी नीति पर ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, कनाडा तथा अमेरिका को भी चलना चाहिए था। पर ये अपने दायित्वों का निर्वाह करने में विफल रहे। इसके लिए इन्हें भारत से माफी मांगनी चाहिए। बेशक, तिब्बती आगे भी चीनी दूतावास पर प्रदर्शन करेंगे। जब तक तिब्बत आजाद नहीं हो जाता तब तक इनके विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे। तिब्बती प्रदर्शनकारी अपने चेहरे पर काले रंग का मास्क पहन कर और कुछ गालों पर तिब्बती झंडा बनाकर प्रदर्शन करते हैं। यूं तो तिब्बती दशकों से चीनी दूतावास के बाहर प्रदर्शन करते हैं, पर इनका सबसे मुखर प्रदर्शन 2008 के बीजिंग ओलंपिक खेलों से पहले हुआ था। तब हजारों तिब्बतियों ने राजधानी की सड़कों से गुजरते हुए चीनी दूतावास का रुख किया था। इन्हें तब बड़ी संख्या में हिन्दुस्तानियों का भी साथ और सहयोग मिला था। तब सारी दुनिया में बसे तिब्बती विश्व बिरादरी से गुजारिश कर रहे थे कि वे बीजिंग खेलों का बहिष्कार करें। इनकी राजधानी में पुलिस से झड़पें भी हुई थी। तिब्बती एक्टिविस्ट पुलिस को चकमा देकर चीनी दूतावास की दीवारों पर चढ़ने की भी कोशिश कर रहे थे। पर सुरक्षा कर्मियों ने इन्हें किसी चीनी राजनयिक या फिर दूतावास की इमारत को क्षति पहुंचाने की इजाजत नहीं दी थी। मुझे चीनी दूतावास के बाहर अटल बिहरी वाजपेयी के अनोखे प्रदर्शन की भी याद आ रही है। उसका यहां पर उल्लेख करना चाहूंगा। भारत-चीन के बीच जब 1962 में जंग छिड़ी हुई थी तब अटल बिहारी वाजपेयी ने चीनी दूतावास पर दर्जनों भेड़ों के साथ प्रदर्शन किया था। दरअसल तब चीन ने भारत पर एक हास्यास्पद आरोप लगाया था कि उसने सिक्किम की सीमा से 800 भेड़ें चुरा ली है। चीन ने भारत से उन भेड़ों को वापस करने की मांग की थी। चीन की इस मांग के जवाब में अटल जी ने जनसंघ के प्रदर्शन की अगुवाई की थी। वे तब तक लोकसभा के सदस्य हो चुके थे और अपने ओजस्वी भाषणों के चलते देशभर में अपनी पहचान बना चुके थे। प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे थे कि विस्तारवादी चीन भेड़ों के मसले पर विश्व युद्ध चाहता है। इस बीच, लंदन में तिरंगे के अपमान के विरोध में राजधानी दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर सिखों ने प्रदर्शन किया। ये भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगा रहे थे। पर प्रदर्शनकारियों को उच्चायोग के बाहर ही पुलिस फोर्स ने रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने खालिस्तानियों के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने ही तिरंगे का घोर अनादर किया था। ये प्रदर्शनकारी ब्रिटेन सरकार की काहिली के खिलाफ भी नारेबाजी कर रहे थे। साफ है कि अगर हमारे यहां भी लंदन की तरह से लचर सुरक्षा इंतजाम होते तो कुछ भी अप्रिय घट सकती थी। राजधानी की बुजुर्ग हो रही पीढ़ी को याद होगा कि चाणक्यपुरी स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के बाहर भी लगातार प्रदर्शन होते रहे हैं। जब 1970 में पाकिस्तान की सेना पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में नरसंहार कर रही थी तब विरोध में दिल्ली के बंगाली समाज ने बार-बार पाकिस्तान उच्चायोग को घेर कर प्रदर्शन किया। उन प्रदर्शनों में अध्यापक, लेखक, चित्रकार, छात्र वगैरह भाग लेते थे। तब भी किसी को ये इजाजत नहीं थी कि कोई पाकिस्तानी उच्चायोग की इमारत या फिर तिलक मार्ग स्थित उच्चायुक्त के बंगले के बाहर सीमाओं को लांघे। राजधानी में मित्र देश इजराइल का दूतावास पृथ्वीराज रोड पर है। इसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था हमेशा चाक-चौबंद रहती है। मजाल है कि कोई परिंदा भी पर मार ले। हालांकि इसके आसपास कई विस्फोट तो किए गए हैं। पर इजराइली दूतावास को कभी नुकसान नहीं हुआ।

# पहले 'वास्तविक' सुधारों की दिशा में कदम उठाने चाहिए

जीएन बाजपाई

**यहां** हमें बड़े सवालों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है- हमारे संस्थानों की तत्परता तथा मजबूती, हमारी शासन प्रबंध की गुणवत्ता व उन मानसिकताओं पर जिनके साथ ये प्रणालियां आम आदमी तक पहुंचने के लिए काम करती हैं और जो इस प्रणाली से फायदा उठाने वाले लोगों की छुट्टी करने के लिए काम करती हैं। अब समय आ गया है कि सुधारों के किसी भी नए दौर को शुरू करने से पहले हम इन प्रणालियों में से सबसे बड़ी पद्धति को देखें। इस समय देश सेवानिवृत्त लोगों को तयशुदा लाभ प्रदान करने वाली नई पेंशन योजना बनाम पुरानी योजना के गुणों पर एक अंतहीन बहस में व्यस्त है। विभिन्न मानदंडों के आधार पर नए समूहों के लिए, आरक्षण और कोटा के मुद्दे पर भी बहुत खींचतान है। इसके अलावा सरकार को जवानों को कम अवधि के लिए काम पर रखने की योजना पर फिर से काम करने के लिए, गंभीर दबाव का सामना करना पड़ा है। इनमें से प्रत्येक में और इसी तरह की कई अन्य स्थितियों में इस बात को लेकर तनाव है कि नकदी की कमी से जूझ रही सरकार को कभी न खत्म होने वाले आधार पर समाधान और वेतन देने के लिए कहा जा रहा है जो उन दिनों की याद दिलाता है जब सरकारों को सहायक के रूप में काम करने के बजाय प्रदाताओं के रूप में देखा जाता था। 'राजकोषीय विवेक' पर 'प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद' हावी है। आर्थिक सुधारों से यह अपेक्षा थी कि यह स्थिति बदलनी चाहिए लेकिन जिस तरह से हमारे सुधारों की शुरूआत हुई है उसे देखते हुए स्पष्ट रूप से ऐसा नहीं हुआ है। इसलिए अब हम 'दूसरी पीढ़ी' के सुधारों के बारे में सुन रहे हैं- अधिक खुलेपन, सेवाओं से सरकार की अधिक वापसी और उदार ढांचे के तहत निजी कंपनियों पर अधिक निर्भरता होगी। फिर भी, एक आसान सा मूल सवाल जो अभी भी पूछा नहीं गया है कि जब डॉ. मनमोहन सिंह जैसे अनुभवी अर्थशास्त्री की निगरानी में चलाया गया सुधार का पहला दौर पूरी तरह से सफल नहीं हो पाया तो हमें क्यों लगता है कि आर्थिक सुधारों का द्वितीय संस्करण किस तरह सफल होगा?

यहां हमें बड़े सवालों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है- हमारे संस्थानों की तत्परता तथा मजबूती, हमारी शासन प्रबंध की गुणवत्ता व उन मानसिकताओं पर जिनके साथ ये प्रणालियां आम आदमी तक पहुंचने के लिए काम करती हैं और जो इस प्रणाली से फायदा उठाने वाले लोगों की छुट्टी करने के लिए काम करती हैं। अब समय आ गया है कि सुधारों के किसी भी नए दौर को शुरू करने से पहले हम





इन प्रणालियों में से सबसे बड़ी पद्धति को देखें और करें। आखिरकार किसी भी प्रणाली की जड़ में सुशासन है जो अपने सभी सदस्यों के लाभ के लिए काम करता है। यह बात छोटे समूहों के लिए भी उतनी ही सच है जितना कि यह एक बड़े समाज या एक राष्ट्र-राज्य के लिए है। आज हमारे शासन के लिए तय किये गए मानकों पर कई सवाल हैं जो हमें आज के एक बड़े सवाल की ओर ले जाते हैं: क्या हमने भारत के 75 साल पहले एक स्वतंत्र राष्ट्र बनने और खुद को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में गठित करने के समय किए गए वादों को पूरा किया है? डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर ने संविधान सभा में ठीक ही कहा था- '... संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, जिन लोगों को उस पर काम करने के लिए बुलाया जाता है यदि वे बहुत बुरे होते हैं तो उसका बुरा होना निश्चित है। संविधान कितना भी खराब क्यों न हो अगर जिन लोगों को उस पर काम करने के लिए बुलाया जाता है, वे बहुत अच्छे होते हैं तो यह अच्छा साबित हो सकता है।' उसी भाषण में उन्होंने 'नायक पूजा और अराजकता का व्याकरण' तथा सामाजिक और आर्थिक जीवन में सर्वव्यापी असमानता की वास्तविकता के मद्देनजर संविधान में लिखी गई समानता के खतरों के खिलाफ चेतावनी दी थी। इतने वर्ष गुजरने के बाद भी हम इन खतरों से किस तरह निपट रहे हैं? क्या सुशासन के हमारे मानकों को मजबूत किया जा रहा है या वे उस स्तर से पीछे हैं और हमें विफल कर रहे हैं? इस बात की व्यापक और निष्पक्ष समीक्षा करना उपयोगी हो सकता है कि देश को एक करने के लिए हमारे संविधान के घोष वाक्य- न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व प्रदान करने के मामले में स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद हम कहां खड़ा है। उन समतावादी मूल्यों के प्रभावी ढंग से लागू करने के सबसे महत्वपूर्ण संस्थान न्यायपालिका, नागरिक प्रशासन और देश की कानून और व्यवस्था प्रणालियां हैं। न्यायपालिका को ही ले लीजिए! भारत में अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित पड़े मामलों को देखते हुए यह कहावत सही साबित होती है कि 'न्याय में देरी न्याय से वंचित रखना है'। न्याय प्रदान करना महंगा है और कम आय वाली विशाल आबादी को देखते हुए न्याय की मांग करना और अधिक महंगा हो रहा है। न्यायिक व्यवस्था से संपर्क करना और इस अधिकार को सुरक्षित करना तो दूर की बात है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड में लंबित मामलों का डैशबोर्ड है। यह बता रहा है कि देश की अदालतों में 4.27 करोड़ मामले लंबित हैं। मार्च, 2023 तक के आंकड़ों के मुताबिक इनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मामले एक वर्ष से अधिक पुराने हैं। नागरिक प्रशासन की बात करें जो नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण जीवन, आजीविका और अवसरों की सुविधा प्रदान करता है। नागरिक प्रशासन की कार्यप्रणाली से आम आदमी व्यथित है। यह स्पष्ट है कि 'अमीरों' को पर्याप्त संसाधन तथा

> यदि हम वास्तव में एक महान राष्ट्र का निर्माण करना चाहते हैं तो इसके लिए दूसरी पीढ़ी के सुधारों के तहत पूरे संस्थागत ढांचे को फिर से तैयार करने की आवश्यकता है। हमें स्वतंत्रता को संरक्षित करना चाहिए, संस्थानों को स्वतंत्र रूप से और बलपूर्वक काम करने की अनुमति देनी चाहिए लेकिन इसके साथ ही उन प्रणालियों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए जो केवल लोगों का शोषण करने और खुद को बनाए रखने के लिए शक्ति का निर्माण करती हैं

अवसर मिलते हैं जबकि 'वंचितों' को समान व्यवहार के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। यह बात जल, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि जैसी सामाजिक संरचना प्रदान करने के साथ-साथ व्यवसाय तथा पेशे को आगे बढ़ाने के मामले के लिए भी लागू होती है। मुंबई जैसे तड़क-भड़क वाले शहरी केंद्रों में भी झुग्गी और गैर-झुग्गी आबादी के बीच सुविधाओं का असंतुलन दिखता है। गरीब स्पष्ट रूप से पानी, स्वच्छता, सड़कों आदि में पर्याप्त सेवाओं की कमी जैसे मसलों के साथ और कई अन्य अदृश्य तरीकों से पीड़ित हैं। इसी तरह पुलिस प्रशासन द्वारा आम आदमी के साथ जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाने वाला व्यवहार असमान है। साधनसंपन्न चालाक और पैंतरेबाज लोग अक्सर अपराध करने के बावजूद, यहां तक कि जघन्य अपराधों में भी सजा पाने से बच जाते हैं जबकि सामान्य व्यक्ति को दुर्व्यवहार और उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है। पुलिस की प्रशासनिक प्रणाली में नागरिकों के खिलाफ हिंसा गहराई से अंतर्निहित है। कोई भी संस्थागत ढांचा जो शक्ति को अधिकृत और प्रत्यायोजित करता है, 'वसूली' के अवसर पैदा करता है। पारदर्शिता की कमी, जवाबदेही तथा आचरण की अस्पष्टता इस तरह के आचरण के सहायक और प्रवर्तक बन जाते हैं। इन संस्थानों के कामकाज का व्यापक विश्लेषण दो मूलभूत समस्याओं की ओर इशारा करता है। सबसे पहली बात यह है कि इन संस्थानों का डिजाईन औपनिवेशिक युग की विरासत है। दशकों से इन संस्थानों का डिजाईन तथा संरचना बदलने की मांग विविधतापूर्ण और कई गुना बढ़ गई है। इन संस्थानों के डिजाईन और कार्यप्रणाली में अब तक किए गए मामूली बदलाव अपेक्षित परिणाम देने के लिए पूरी तरह से अपर्याप्त हैं। दूसरी बात यह है कि जिन लोगों के पास अधिकार हैं तथा जिन्हें इन ठिकानों पर अधिकार और प्रत्यायोजित शक्तियां प्राप्त हैं उनमें से अधिकांश 'वसूली' के केंद्र बन गए हैं। जवाबदेही की कमी ने 'वसूली' की मांग को व्यापक और मुक्त बना दिया है। यह बताने की कोई जरूरत नहीं है कि साधनसंपन्न लोगों द्वारा इस सेटिंग का उपयोग पूरी ताकत के साथ खुद को लाभ पहुंचाने या सभी प्रकार के गैरकानूनी कामों के साथ-साथ दंड मुक्ति के लिए किया जाता है। भारत को अब इन संस्थानों का डिजाईन फिर से तैयार करने पर ध्यान देना चाहिए। जहां तक 'वसूली' का सवाल है, यह एक मानवीय क्रिया है और इसे पूरी तरह से समाप्त करना लगभग असंभव है लेकिन इसे चार उपायों से- शिक्षा, जवाबदेही (मिसाल बनाने के लिए कठिन और तेज कार्रवाई के साथ), पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी के उपयोग से कम किया जा सकता है। अगर इस कमी को मिशनरी जोश के साथ दूर नहीं किया गया तो इनके बारे में लोगों का पहले से ही डूब रहा विश्वास पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। अमेरिकी वकील तथा स्टेट्समैन हेनरी क्ले (12 अप्रैल, 1777-29 जून, 1852) ने कहा था- 'सरकार एक ट्रस्ट है तथा सरकार के अधिकारी ट्रस्टी हैं और ट्रस्ट और ट्रस्टी दोनों ही लोगों के लाभ के लिए बनाए गए हैं।' इस विश्वास पर खरा उतरने के लिए सुधारों के प्रति हमारे दृष्टिकोण में कुछ बुनियादी बदलाव करने की जरूरत है। कई राजनीतिक-आर्थिक पंडित दूसरी पीढ़ी के सुधारों की बात करते हैं लेकिन वे अपनी सिफारिशों को उत्पादकता के कारकों के पूरक सुधारों तक सीमित रखते हैं।

# अमृतकाल में अमृतपाल!

पुष्परंजन

**सिख** फॉर जस्टिस का सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नून के सिर पर खालिस्तान पर मतसंग्रह कराने का जुनून सवार है। पन्नून ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, उत्तर अमेरिका, यूरोप, मलयेशिया, केन्या, फिलीपींस, सिंगापुर और मिडल इस्ट के देशों इस तरह के तथाकथित मतसंग्रह कराकर जो खेल करना चाहता है, उसे रोकने के वास्ते पीएम मोदी के पास क्या योजना है? आपको रोज एक नई कहानी मिलेगी। अमृतपाल कैसे भागा, किसने मदद की, आखिरी बार कहां दिखा था, विदेशों के किन ठिकानों से पैसे कैसे आते थे? किस्सागोई करने वाले बस इतना ध्यान रख रहे हैं कि सारा ठीकरा पंजाब सरकार पर फोड़ें, और केंद्र सरकार को आरोपों की आंच से बचाये रखे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अक्टूबर 2021 में फैसला लिया था कि 15 किलोमीटर के बदले, पंजाब के 50 किलोमीटर रेडियस वाले सीमाई इलाकों की चौकसी बीएसएफ के अधीन होगी। यदि अमृतपाल पंजाब सीमा की 50 किलोमीटर परिधि को भी पार कर चुका था, तो जवाबदेही किसकी बनती है? 80 करोड़ रुपए अमृतपाल और उसके समर्थकों के पास ऑन लाइन ट्रांसफर हुए, ये तो ऑन द रिकार्ड है। हवाला से जाने कितने सौ करोड़ आये होंगे? सात वर्षों से ये सब पक रहा था, केंद्रीय एजेंसियां और उस महकमे के मंत्री की नींद तब खुली, जब उनके पाले हुए व्याघ्र ने पलटकर ललकारना आरंभ किया। खालिस्तान का नासूर अब फैल चुका है। देश में कम, दुनिया के मुख्तलिफ हिस्सों में ज्यादा। 1984 की गलतियों को सबसे पहले कांग्रेस ने भुगता, उसके हवाले से देश और समाज के अमन-चैन को समय-समय पर कुरेदा जाता रहा है। आज देश में जो बचे-खुचे सिख सुख-चैन से जैसे-तैसे आबोदाना-आशियाना बचाये हुए हैं, उन्हें सफाई देनी पड़ रही है कि वो खालिस्तान के खुरापातियों के साथ नहीं खड़े हैं। लेकिन जनरैल सिंह भिंडरावाला के गांव से लेकर पंजाब-हरियाणा के विभिन्न डेरों में विगत आठ-नौ वर्षों में क्या उन गलतियों की पुनरावृत्ति नहीं हो रही थी? क्या बताना पड़ेगा कि खालिस्तान के खुरापातियों को केंद्र से लेकर राज्य में राजनीति करने वाले किन लोगों से खाद-पानी मिलता रहा है?

अमृतपाल की मां बलविंदर कौर ने बयान दिया कि मेरा बेटा युवाओं को नशा मुक्त करके, उन्हें सिख धर्म में वापिस लाकर समुदाय के लिए काम कर रहा था। अमृतपाल के संरक्षक उसे 'मासूम' बता रहे हैं। मासूम है, या मक्कार इसे कौन तय करेगा? ऐसा नेक काम करने वाला इंसान देश के गृहमंत्री को जान से मारने की धमकी दे। थाने पर हमला करे, पुलिसकर्मियों को कूट डाले, हथियारों से हर समय घिरा रहे, यह बात गले नहीं उतरती। 26 जनवरी, 2021 को किसान आंदोलन के समय लाल किला हिंसा मामले में दीप सिद्धू को लोग जान पाये थे। सत्ता प्रतिष्ठान ने किसान आंदोलन को कमजोर करने के वास्ते दीप सिद्धू का इस्तेमाल किया था, यह बात भी उन दिनों सामने आई थी। 'वारिस दे पंजाब' का नेता दीप सिद्धू 15 फरवरी 2022 को दिल्ली से सोनीपत के रास्ते एक रहस्यमय सड़क दुर्घटना में मारा जाता है। उन दिनों अमृतपाल दुबई में अपने किसी रिश्तेदार का ट्रांसपोर्ट बिजनेस देख रहा था। उसके फेसबुक अकाउंट से 'वारिस दे पंजाब' के कर्ताधर्ता जुड़े थे। दीप सिद्धू से उसकी अनबन भी हुई थी। मार्च 2022 में दावा किया गया कि अब से अमृतपाल 'वारिस दे पंजाब' का नया चीफ है। दीप सिद्धू की तथाकथित दुर्घटना के दस माह बाद, सितंबर 2022 में अमृतपाल दुबई से पंजाब लौटता है। परिस्थितियां बता रही हैं कि 'वारिस दे पंजाब' को बाकायदा हाईजैक किया गया था। कालचक्र ने जिस अमृतपाल को हीरो बना दिया, दरअसल वह इस पूरे शतरंज का प्यादा भर है। इस प्यादे की वजह से इस समय ब्रिटेन से संबंध खराब होने की परिस्थितियां बन रही हैं। ब्रिटिश हाईकमीशन से बैरिकेड हटाकर वाहवाही तो बटोर ली, मगर यह भूल गये कि ब्रिटेन पाकिस्तान नहीं है, जिससे जैसे को तैसा वाला व्यवहार करें। ब्रिटेन जी-20 का प्रमुख देश है, और इस साल अध्यक्ष देश भारत शिखर बैठक करा रहा है। इस समय केवल ब्रिटेन खालिस्तान राजनीति का एपीसेंटर नहीं बना हुआ है, जी-20 के दो अन्य प्रमुख देशों कनाडा और अमेरिका में भी 'वारिस दे पंजाब' के समर्थन में विप्लवी भारतीय कूटनीतिक मिशन को घेर रहे हैं, वहां की सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। अमृतपाल के हवाले से हो रहे प्रदर्शनों का बुरा असर इंडियन डॉयसपोरा पर पड़ रहा है। 2021 में प्रवासी भारतीयों के बारे में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में जानकारी दी गई थी कि विदेश रहने वाले भारतीयों की संख्या 3 करोड़ 20 लाख है। साल दर साल प्रवासी भारतीयों की संख्या में दस लाख का इजाफा होता गया है। ये कहने को प्रवासी हैं, मगर इनमें खेमे बंटे हुए हैं। एक, भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान का समर्थक और दूसरा विरोधी। कुछ ऐसे भी हैं, जो इस खेमेबाजी से दूर अपने प्रोफेशन और परिवार से सरोकार रखते हैं। इंडियन डायसपोरा में यह खेमेबाजी मई 2014 के बाद से व्यापक रूप से दिखी है। जो लोग दुनियाभर में डायसपोरा को मॉनिटर करते हैं, उन्हें भी इस नये ट्रेंड पर हैरानी है। ऐसे हालात से खालिस्तान के नाम पर खेल करने वालों को फायदा हो रहा है, जिसमें कुछ शासन प्रमुख शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलिया में कुल आबादी के 0. 8 फीसदी सिख हैं, लगभग दो लाख 25 हजार। उनमें से काफी सारे लोगों ने अमृतपाल को आज की तारीख में हीरो मान लिया है, और उसके समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। फरवरी 2022 में ऑस्ट्रेलिया के क्रेगीबर्न में श्रीगुरू सिंह सभा, मेलबॉर्न का मिरीपीरी गुरूद्वारा, तारनेट और प्लंप्टन के गुरूद्वारे खालिस्तान आंदोलन की रणनीति तय कर रहे थे। कनाडा में भारतीय प्रवासियों के बीच सिखों की संख्या 34 फीसदी है, और हिंदू 27 प्रतिशत हैं। इसी हवाले से प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने तंज करते हुए कहा था, 'हमारे कैबिनेट में जितने सिख हैं, मोदी मंत्रिमंडल में भी नहीं होंगे।' जस्टिन ट्रूडो सिख मिलिटेंसी को माचिस मारने में सबसे आगे रहे हैं। मगर, इसका साइड इफेक्ट यह हुआ कि कनाडा में सिख बनाम हिंदू की राजनीति आरंभ हुई। यह ठीक है कि इसका फायदा भारतीय जनता पार्टी ने उठाया, मगर बाकी भारतवंशियों की आवाज नक्कारखाने में तूती बनकर रह गई। संघ के लोग मानते हैं कि यूके से उत्तर अमेरिका तक उसके चालीस लाख समर्थक एक बड़ी ताकत हैं। भारत में सोशल मीडिया 2014 के बाद जाग्रत हुई है, उससे डेढ़ दशक पहले यूके से उत्तर अमेरिका तक हिंदू चेतना इंटरनेट के जरिये सुलगाई जा चुकी थी। मोदी के लिए इंवेंट के काम यही लोग आते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज की तारीख में ग्लोबल है। 'हिंदू स्वयंसेवक संघ' (एचएसएस) नाम से 39 देशों में उसकी जड़ें फैली हुई हैं। 2015 की बात है, न्यूयार्क के कोर्ट में हिंदू स्वयंसेवक संघ को आतंकी संगठन घोषित करने का एक मुकदमा 'सिख फॉर जस्टिस' नामक संगठन ने दायर कर रखा था।

# भूजल को भूलने के भयावह नतीजे

अशोक शरण

**भूगर्भीय** जल के प्रदूषित होने का एक बड़ा कारण भारी धातु का अधिक मात्रा में होना है। एक लीटर पानी में यूरेनियम की प्रतिबंधित सीमा 30 माइक्रोग्राम है, परंतु दिल्ली के कई स्थानों में यह 4प्रतिशत से अधिक पाया गया है। इसी प्रकार कई स्थानों पर प्रतिबंधित सीमा से अधिक मैंगनीज, आयरन, नाइट्रेट और फ्लोराइड पाया गया है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के दोहन से पृथ्वी पर जीव-जंतुओं के साथ-साथ वनस्पति, यहां तक कि मनुष्य के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग गया है। जीवन जल, वायु, अग्नि, मिट्टी और आकाश इन पांच तत्वों से मिलकर बना है। अग्नि को छोड़कर चारों तत्व सीधे तौर पर मनुष्य द्वारा इतने प्रदूषित कर दिए गए हैं कि वह स्वयं अपने जीवन को लील रहा है और आगे आने वाली पीढ़ियों पर अस्तित्व का भयंकर संकट मंडरा रहा है। इन चारों तत्वों के प्रदूषित होने के कारण पांचवां तत्व भी मनुष्य और पर्यावरण के प्रतिकूल होता जा रहा है। विश्व भर में जंगल में लगी आग मनुष्य और पर्यावरण को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं, सभी जानते हैं। इस विषम होती परिस्थिति में विभिन्न देशों, संस्थानों एवं लोगों का ध्यान सामूहिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर इस ओर गया है और विश्व भर में पर्यावरण को बचाने के प्रयास चल रहे हैं। भूजल स्तर में गिरावट और उसका प्रदूषित होना खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। जलस्तर में गिरावट और उसके रोकथाम के लिए कई प्रयास चल रहे हैं। भारत सरकार देश के 33 लाख वर्ग किलोमीटर भूगर्भीय जल का अध्ययन कर रही है। सरकार ने 13 फरवरी, 2023 को राज्यसभा में जानकारी दी कि दिसंबर 30, 2022 तक 24.5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को भूजल मापन कार्यक्रम के अंतर्गत पूरा कर लिया गया है और बाकी का कार्य मार्च, 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसका उद्देश्य भूगर्भीय जलस्त्रोत, इसकी विशेषता आदि को पहचान कर स्थानीय समूहों के साथ मिलकर जल-प्रबंधन का कार्यक्रम संचालित करना है। भारत विश्व में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है तथा प्रति वर्ष 253 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) की दर से भूजल का दोहन किया जा रहा है। यह वैश्विक भूजल निष्कर्षण का लगभग 25प्रतिशत है। भारत में लगभग 1123 बीसीएम जल-संसाधन उपलब्ध हैं जिनमें से 690 बीसीएम सतही जल और शेष 433 बीसीएम भूजल है। भूजल का 90 प्रतिशत सिंचाई के लिए और शेष 10 प्रतिशत घरेलू और औद्योगिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उपयोग किया जाता है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट 'समग्र जल-प्रबंधन सूचकांक' (सीडब्ल्यूएमआई) के अनुसार वर्ष 2030 तक देश में जल की मांग उपलब्ध आपूर्ति से दोगुनी होने की संभावना है। इससे लाखों लोगों के लिए गंभीर जल अभाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है और देश के 'सकल घरेलू उत्पाद' (जीडीपी) में 6 प्रतिशत की हानि हो सकती है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान के साथ-साथ गुजरात, पंजाब, हरियाणा के कुछ हिस्सों में जल की अभूतपूर्व कमी है। हालांकि जल 'राज्य सूची' का विषय है और जल-प्रबंधन, संरक्षण, पुनर्भरण उसका काम है, फिर भी 'राष्ट्रीय जलभृत प्रबंधन योजना' (नेशनल अक्विफर मैपिंग एण्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम, एनएक्यूयूआईएम) 'जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार' देश के संपूर्ण भूजल स्तर के मापन, मानचित्रण और प्रबंधन 'केंद्रीय भूजल बोर्ड' के माध्यम से कर रहा है

। भूगर्भीय जल स्तर को बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि इसका पुनर्भरण होता रहे जो अधिकतम बरसात के पानी और नदियों, नहरों से होता है। भारत की राजधानी दिल्ली की बात करें जहां केंद्र और राज्य दोनों सरकारें शहर की देखभाल करती हैं वहां भी भूगर्भीय जल का अधिक दोहन होता है। 'केंद्रीय भूगर्भीय जल बोर्ड' के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष दिल्ली के कुल 34 ब्लॉक में से 17 ब्लॉक में अत्यधिक दोहन, बाकी 14 ब्लॉक गंभीर स्थिति में और केवल 3 ब्लॉक सुरक्षित स्थिति में हैं। इसी रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2012 से जनवरी 2021 के दशक के औसत भूगर्भीय जल की तुलना यदि जनवरी 2022 से करें तो यह स्तर 70प्रतिशत बढ़ा है।

भूगर्भीय जलस्तर कम-ज्यादा होता रहता है इसलिए इसे वर्ष में चार बार जनवरी, मई, अगस्त और नवंबर में मापा जाता है। 'केंद्रीय भूजल बोर्ड' के अनुसार कृत्रिम रीचार्ज के लिए दिल्ली में 12 चैक डैम, 22706 रीचार्ज शाफ्ट और 304500 छतों द्वारा वर्षा जल संचयन की आवश्यकता होगी।

## अजब पड़ोसी की गजब त्रासदी

डॉ. सुरेश

**एक** दिन पड़ोसी से मेरा झगड़ा हो गया। न जाने उसके सिर पर कौन सा भूत सवार रहता है जो चौबीसों घंटे हमारी निगरानी करता रहता है। समझ नहीं आता कि पड़ोसी है या रूस का राष्ट्रपति पुतिन। यह दुनिया भी बड़ी गजब है। अपना छोड़कर सब का हिसाब किताब चाहिए होता है। कब, कौन, कहाँ, क्यों, कैसे और किस काम के लिए पड़ोस के घर आया है यही पता लगाने में लोग घर-घर ब्योमकेश बक्शी बनते जा रहे हैं। इन्हीं के चलते घर से निकलना दुश्वार हो गया है। हां तो मैं आपको बता रहा था कि पड़ोसी से मेरी कहा-सुनी हो गई। मामला हाथापाई से होते हुए थाने तक पहुंच गया। थाना तो थाना है साहब! बड़ी गजब की जगह है। कुछ के अनुभवों को रेखांकित किया जाए तो थाना जाने की जगह श्मशान जाना सबसे बेहतर होता है। श्मशान इसलिए कि थाने में भी वही कुछ होता है जो श्मशान में होता है। अंतर केवल समय की मात्रा का होता है। जो काम श्मशान में जल्दी से होता है वही काम थाने में बड़े इत्मीनान के साथ किया जाता है। हम दो झगड़ालू अपने-अपने ढंग से हाथापाई की आपबीती भूतकाल के संजय की त्रह सुना रहे थे। पुलिस बाबू ने एक लंबी सी जम्हाई ली जिसमें बीस-तीस मक्खी आसानी से घूम-फिर सकते थे। किंतु थाने की मक्खियां आम लोगों से ज्यादा समझदार होती है।

वे पुलिस के इर्द-गिर्द मंडराकर अपनी मौत को दावत देने से साफ-साफ बचती हैं। उन्हें पूरा यकीन है कि पुलिस आरोपी के न मिलने पर कहीं इन्हीं के नाम पर बिल न फाड़ दे।

## भारत के लियॉन नें जीता हिट ओपन इंटरनेशनल शतरंज का खिताब

**नोवा ,सर्बिया।** भारत के 17 वर्षीय शतरंज ग्रांड मास्टर लियॉन ल्यूक मेन्दोंसा नें अपने खेल जीवन के सबसे बेहतरीन प्रदर्शन में से एक करते हुए हिट ओपन इंटरनेशनल शतरंज का खिताब जीत लिया है । लियॉन के लिए यह बड़ी सफलता इसीलिए है की उन्होने इस टूर्नामेंट के सभी 9 राउंड जीतकर एक नया रिकॉर्ड बना दिया । लियॉन नें इस दौरान उक्रेन के गारस्की व्लादिसलाव ,स्लोवेनिया के मटिक लावरेनिक , क्रोएशिया के क्रिटन ओगजेन ,सर्बिया के आलेक्सा स्ट्रिकोविक ,इंग्लैंड के मेथ्यू वड्स्वोर्थ और नाइजेल डेविस ,इटली के सबीनों ब्रूनेल्लो और स्लोवेनिया के डोमेन तिसाज को पराजित करते यह कारनामा किया । इस दौरान उन्होने 3196 रेटिंग का प्रदर्शन किया । महत्वपूर्ण बात यह रही की लियॉन और दूसरे स्थान पर रहे इटली के सबीनों ब्रूनेल्लो के बीच 2.5 अंको का फासला रहा जो की इंटरनेशनल स्विस टूर्नामेंट में बहुत ही दुर्लभ बात है । 6.5 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर स्लोवेनिया के मार्को ट्रातर तीसरे स्थान पर रहे । प्रतियोगिता में 13 देशो के 84 खिलाड़ी भाग ले रहे थे । इस प्रदर्शन के बाद अब लियॉन भी 2600 रेटिंग पार करने के बेहद करीब पहुँच गए है ।



## रोनाल्डो सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले फुटबॉलर बने, टीम को दिलाई जीत

**लंदन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो और हैरी केन ने 2024 में होने वाली यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मैचों में गुरुवार को नए रिकॉर्ड बनाए और अपनी टीम को जीत दिलाई। के रोनाल्डो पहले ही पुरुष फुटबॉल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं और अब उनके नाम पर सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलने का नया रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। रोनाल्डो ने यह रिकॉर्ड लिचेंस्टीन के खिलाफ पुर्तगाल की 4-0 से जीत के दौरान बनाया। यह उनका 197वां अंतरराष्ट्रीय मैच था। इससे पहले रोनाल्डो और कुवैत के बादेर अल मुतावा के नाम पर 196 मैच खेलने का संयुक्त रिकॉर्ड दर्ज था। रोनाल्डो ने इस मैच में दूसरे हाफ में पेनल्टी को गोल में बदलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कुल गोल की संख्या को 120 पर भी पहुंचाया। इस बीच केन इंग्लैंड की तरफ से सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड की इटली पर 2-1 से जीत के दौरान पहले हाफ में पेनल्टी को गोल में बदला। यह उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 54वां बोल था जो कि वायने रूनी से एक गोल अधिक है। यूरो 2024 का आयोजन जर्मनी में किया जाएगा जिसके क्वालीफाइंग मैचों की शुरुआत विश्वकप समाप्त होने की तीन महीने बाद हुई है।



## सात्विक-चिराग की जोड़ी स्विस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

**बासेल।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में डेनमार्क के जेपी बे और लासे मोल्हेडे को हराकर स्विस ओपन सुपर सीरीज 300 बैडमिंटन प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने रात को खेले गए मुकाबले में 54 मिनट में 15-21, 21-11, 21-14 से जीत दर्ज की। सात्विक और चिराग का अगला मुकाबला ओंग यू सिन और टियो ई यी की मलेशियाई जोड़ी से होगा। पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन जैसे खिलाड़ियों के शुरू में ही बाहर हो जाने के बाद अब भारत का दारोमदार पुरुष युगल की इस स्टार जोड़ी पर ही टिका है। भारतीय जोड़ी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले गेम में एक समय वह केवल 15-16 के स्कोर पर एक अंक से पिछड़ रही थी लेकिन इसके बाद डेनमार्क की जोड़ी ने लगातार छह अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम किया। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में लय हासिल की और इंटरवल तक 11-4 की मजबूत बढ़त बना दी। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और दूसरा गेम जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया।

## अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ जीता पहला अंतरराष्ट्रीय मैच, पहले टी20 में 6 विकेट से हराया

**शारजाह।** अफगानिस्तान ने पहली बार टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान को मात दी है। अफगानिस्तान ने 11 साल से अधिक समय बाद पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच जीता है।

इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम, कप्तान बाबर आजम सहित पांच बड़े खिलाड़ियों के बिना मैदान पर उतरी। टॉस हारकर पहले गेंदबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। अफगानी गेंदबाजों की अनुशासित गेंदबाजी के आगे पाकिस्तान की पारी ने कभी भी गति नहीं पकड़ी और वे नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे।

पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर केवल 92 रन ही बनाए। पाकिस्तान के लिए इमाद वसीम (18), पदार्पण कर रहे सईम अयूब (17) और तैयब ताहिर (16) ही बल्ले से कुछ संघर्ष कर सके। अफगानिस्तान



के लिए फजलहक फारूकी, मुजीब उर रहमान और मोहम्मद नबी ने दो-दो विकेट चटकाए ।

जवाब में अफगानिस्तान ने 17.5 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाकर 6 विकेट से मैच जीत लिया। मोहम्मद नबी ने लॉन्ग ऑफ पर सीधा छक्का लगाकर अफगानिस्तान को पाकिस्तान पर पहली जीत दिलाई। अफगानिस्तान के लिए मोहम्मद नबी ने नाबाद 38 रन बनाए। नबी के अलावा नजीबुल्लाह जादरान (नाबाद 17) और रहमानुल्लाह गुरबाज (16) ने भी छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। पाकिस्तान की तरफ से इंशानुल्लाह ने 2 व इमाद वसीम और नसीम शाह ने 1-1 विकेट लिया। पाकिस्तान पर मिली जीत के बाद अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा, इस जीत की खुशी काफी बड़ी है, क्योंकि हम हमेशा उनके खिलाफ छोटे अंतर से हारे हैं।

अफगानिस्तान का रंग पहनना और जीत में टीम का नेतृत्व करना एक गर्व की उपलब्धि है। हमें विकेट का कभी पता नहीं चलता। लेकिन हमारी मानसिकता पिच के अनुसार खुद को समायोजित करने की थी।

दोनों टीमों के बीच तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला के बाकी बचे दो मैच रविवार और सोमवार को खेले जाएंगे।

## डीपीएल रियासी में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत जिला स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**रियासी।** जेके यूटी के युवाओं को खेल और खेल गतिविधियों में शामिल करने के लिए जम्मू और कश्मीर पुलिस की एक पहल के तहत रियासी पुलिस द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत जिला पुलिस लाइन रियासी में जिला स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मास्टर पोप्सी अतिरिक्त एसपी रियासी, नीरज पडयार डीएसपी मुख्यालय रियासी और बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं और जनता ने डीपीएल रियासी में आयोजित कार्यक्रम को देखा। प्रतियोगिता का फाइनल रियासी और अरनास की टीम के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले में अरनास की टीम ने रियासी को तीन मैचों की स्पर्धा में 2-0 से हराकर जिला वॉलीबॉल टूर्नामेंट की विजेता ट्राफी अपने नाम की। फाइनल मैच के समापन के बाद अरनास टीम को विनर ट्रॉफी व नकद पुरस्कार तथा रियासी टीम को उपविजेता ट्रॉफी व नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। जिला रियासी में स्थानीय युवाओं को खेल गतिविधियों में शामिल करने के उद्देश्य से एसएसपी रियासी अमित गुप्ता की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



## आईपीएल 2023 : पंत का न होना दिल्ली कैपिटल्स के लिए बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी संस्करण से बाहर होने पर दिल्ली कैपिटल्स के पूरे कैंप में खलबली मच गई है। कप्तान होने के अलावा, पंत ने अपनी विकेटकीपिंग और मध्य क्रम में बल्लेबाजी से टीम को संतुलन प्रदान किया है, इसलिए उनके स्थान को भर पाना दिल्ली के लिए कठिन है। दिल्ली पंत की जगह एक भारतीय विकेटकीपर अभी तक नहीं खोज पाई है, हालांकि खेल के दौरान खिलाड़ियों को स्थानापन्न करने का नियम उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा, हम भारतीय विकेटकीपर का उपयोग करने के लिए सबसे अच्छे तरीके से काम करेंगे और जहां तक 'इम्पैक्ट प्लेयर' का सवाल है, हम वास्तव में समूह के साथ बैठे हैं और कुछ खिलाड़ियों के साथ पूरी रेंज में काम कर रहे हैं। अब ज्यादातर टीमें अपने पक्षों को संतुलित करने के लिए हरफनमौला खिलाड़ियों की तलाश में हैं, हालांकि खेल के दौरान खिलाड़ियों को बदलने के नियम से हरफनमौला खिलाड़ियों की भूमिका थोड़ी कम हो गई है। उन्होंने कहा, वास्तव में, इस नियम ने अब खेल में ऑलराउंडरों की भूमिका को लगभग नकार दिया है क्योंकि आपको ऑलराउंडरों को चुनने की आवश्यकता नहीं है। मैच की जरूरत के हिसाब से एक बल्लेबाज या गेंदबाज का नाम दें और बस एक को बाहर निकालें और दूसरे को अंदर लाएं। आप देखेंगे कि कई टीमें वास्तव में उस व्यक्ति का उपयोग करती हैं जो नंबर 7 पर बल्लेबाजी करता है और एक या दो ओवर फेंकता है।

पंत की अनुपस्थिति में पृथ्वी शॉ बेहतर विकल्प हैं। पोंटिंग ने शॉ से कैपिटल्स की कमान संभालने की उम्मीदें लगा रखी हैं।



हालांकि शॉ ऑफ फील्ड मुद्दों से जूझ रहे हैं और उनकी फिटनेस पर भी सवालिया निशान हैं।

पोटिंग ने कहा, पृथ्वी को जितना मैंने देखा है, उसने, उससे कहीं बेहतर काम और प्रशिक्षण किया है। यह उनका सबसे बड़ा आईपीएल सीजन होने जा रहा है। उसकी आंखों में दिखता है कि वह रनों के लिए पहले से कहीं ज्यादा भूखा है, उसके पास जिस स्तर की प्रतिभा और क्षमता है, वह शानदार है। पोंटिंग ने खिलाड़ियों की कैप या शर्ट पर पंत की शर्ट का नंबर लगाने की भी इच्छा जताई। पोंटिंग ने कहा, ऋषभ इस टीम के दिल और आत्मा हैं। मैं उन्हें डगआउट में रखना चाहूंगा। लेकिन मुझे वास्तव में विश्वास है कि अगर हम खिलाड़ियों की टोपी या शर्ट पर उनकी शर्ट का नंबर रखते हैं, तो खिलाड़ियों के अच्छा करने की प्रेरणा मिलेगी और यह पंत का भी सम्मान होगा। उन्होंने कहा, पंत का टीम में न होना एक बहुत बड़ा नुकसान है और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम उनकी जगह किसे लाते हैं और हम अभी भी उन्हें मिस कर रहे हैं। वह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है।

## पैरा ओलंपिक के खिलाड़ियों की प्रतिभा देखकर गदगद हुए मंत्री नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के विशिष्ट स्टेडियम में पाँचवी राष्ट्रीय पैरा बैडमिन्टन चैंपियनशिप 2023 के दूसरे दिन की खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दिव्यांग नौजवानों का यह खेल करिश्मा देखकर अत्यंत खुशी एवं उत्साह का अनुभव हो रहा है। पैरा ओलंपिक में खिलाड़ी जिस तरह से अपनी शक्ति और प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहें हैं। वह किसी भी स्थिति में सामान्य खिलाड़ी से कम नहीं है। पैरा ओलंपिक में प्रतिभाग करनें वाले खिलाड़ी की एकाग्रता देखकर बहुत ही अभिभूत हूँ। उन्होंने पैरा ओलंपिक में आये हुए सभी टीमों के कप्तान एवं प्रशिक्षकों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साह वर्धन किया।

इस अवसर पर अपने वक्तव्य में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह ने कहा कि ''दिव्यांगों के लिए पैरा बैडमिन्टन खेलों की शुरूआत पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन- द्वारा वर्ष 2011 में की गयी थी । आज डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में 05वीं



राष्ट्रीय पैरा बैडमिन्टन चैंपियनशिप 2023 के साथ ही यह खेल प्रतियोगिता अपना आकार ग्रहण कर रही है। मैं इसमें प्रतिभाग कर रहे सभी खिलाड़ियों से यह आशा करता हूँ कि सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय हित में अपना बहुमूल्य योगदान देते हुए विजयी हो''। विश्वविद्यालय के कुलसचिव रोहित सिंह ने कार्यक्रम की समाप्ति पर समस्त अगन्तुक अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रजेंद्र सिंह सहायक कुलसचिव ने किया।

**प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी**

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में सुहास एल.वाई, रजत पदक विजेता, पैराओलंपिक, नीलेश गायकवांड अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित, राज कुमार, अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित, प्रेम आले अन्तर्राष्ट्रीय पैराओलंपियन, मनोज सरकार कांस्य पदक विजेता, पैराओलंपिक, आबू हुबैदा अन्तर्राष्ट्रीय पैराओलंपियन, मानसी जोशी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित, कृष्णा नागर स्वर्ण पदक विजेता ,पैराओलंपिक, मनोज सरकार कांस्य पदक विजेता, पैराओलंपिक, आदि प्रमुख रहे। इस कार्यक्रम में देश भर से आये हुए पैरा ओलंपिक खिलाडियों के साथ विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा नियंत्रक डा0 अमित कुमार राय, प्रो0 हिमाशु शेखर झा, प्रो0 वी0 के0 सिंह, प्रो0 अश्विनी दूबे, कुलानुशासक प्रो. शेफाली यादव, प्रो. वीरेन्द्र यादव, उप कुलसचिव अनिल मिश्रा के साथ ही विश्वविद्यालय के समस्त आचार्य, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## आईएसएसएफ विश्व कपः भारत को मिला एक और कांस्य

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित राज्य शूटिंग अकादमी ऑफ एक्सीलेंस में चल रही 8वीं आईएसएसएफ विश्व कप शूटिंग चैम्पियनशिप के तीसरे दिन भारत ने एक कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। भारतीय निशानेबाज रूद्रांक्ष पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल में 262.2 अंक अर्जित कर कांस्य पदक अपने नाम किया। रूद्रांक्ष का इस वर्ल्ड कप में यह दूसरा पदक है। उन्होंने गुरुवार को भी मिक्स्ड इवेंट में अपने साथी नर्मदा राजू के साथ खेलते हुए कांस्य पदक जीता था। भारत के ही हृदय हजारिका 208.7 अंकों के साथ छठवें स्थान पर रहे। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद अंक तालिका पर नजर डालें तो आठ पदकों से साथ चीन शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि भारत एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर है। आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में हुई 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में चीन के खिलाड़ियों ने बाजी मारते हुए पुनः स्वर्ण और रजत पदक हासिल किया। ची के शेंग लिहाओ ने स्वर्ण और डू लिंशु ने रजत पदक जीता। चीन ने प्रतियोगिता में अब तक 5 स्वर्ण, एक रजत और 2 कांस्य पदक जीते हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर है।

## हमारा लक्ष्य अपने प्रदर्शन में सुधार और फिर एक टीम के रूप में बेहतर करना :माइकल फीचटेनबेनर

**इंफाल।** म्यांमार की टीम शाम इंफाल के खुमान लंपक स्टेडियम में हीरो ट्राई-नेशन इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में किर्गिज़ गणराज्य का सामना करेगी।

हीरो ट्राई-नेशन इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में पहली बार इंफाल, मणिपुर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का आयोजन किया जा रहा है, जहां भारत म्यांमार और किर्गिज़ गणराज्य की मेजबानी कर रहा है।

म्यांमार और किर्गिज़ गणराज्य की टीमें पिछले एक हफ्ते से पहले ही इंफाल में हैं, जहां वे टूर्नामेंट की तैयारी के लिए प्रशिक्षण ले रही हैं। म्यांमार ने शुरुआती मैच में भारत का सामना किया था, जिसे मेजबान टीम ने 1-0 से जीता था। म्यांमार के मुख्य कोच माइकल फीचटेनबेनर ने अपने खिलाड़ियों पर से दबाव को कम करने और उन्हें परिणामों के बजाय प्रदर्शन पर ध्यान देने के



लिए कहा।

फीचटेनबेनर ने कहा,हमारा लक्ष्य पहले अपने प्रदर्शन में सुधार करना है, और फिर एक टीम के रूप में बेहतर करना है। तभी हम सकारात्मक परिणाम हासिल कर सकते हैं। कुल मिलाकर यही हमारा मुख्य लक्ष्य है। किर्गिज़ गणराज्य के खिलाफ मैच को लेकर फीचटेनबेनर ने कहा, उनके पास एक मजबूत लाइन-अप है। पिछले कुछ मैच हमारे लिए उतने सफल नहीं रहे, लेकिन हम इसे बदलना चाहते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहते हैं। किर्गिज़ गणराज्य की टीम, जो 16 मार्च को भारत आई थी, और तब से कोलकाता और इंफाल में प्रशिक्षण ले रही है, चुपचाप अपने दो विरोधियों के मैचों का विश्लेषण कर रही है और अपनी योजना बना रही है।

मुख्य कोच एलेक्जेंडर क्रेस्टिनिन ने कहा, हमने पिछला मैच (भारत और म्यांमार के बीच) देखा और उनके अन्य मैच भी देखे। हमने जो भी मैच देखे हैं उनसे हम उपयोगी जानकारी एकत्र कर रहे हैं और उसी के अनुसार योजना बनाई है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह म्यांमार के खिलाफ मैच के लिए अलग-अलग खिलाड़ियों को मैदान में उतारेंगे, क्रेस्टिनिन ने कहा, हम ऐसा कोई प्रयोग नहीं करेंगे जैसा भारत ने म्यांमार के खिलाफ किया था। हम अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम के साथ आएंगे और मैच जीतने की कोशिश करेंगे।

## यह आईपीएल पृथ्वी शॉ का अब तक का सबसे बड़ा सीजन होगा : रिकी पोंटिंग

**जयपुर।** पृथ्वी शॉ सबसे तेजतर्रार बल्लेबाजों में से एक है और यह निश्चित रूप से उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे रोमांचक सलामी बल्लेबाजों में से एक बनाता है। इस बीच दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग पृथ्वी शॉ से प्रभावित दिख रहे हैं। पोंटिंग ने शॉ को रनों के लिए भूखा पाया और कहा वह न केवल अपने खेल पर बल्कि अपनी फिटनेस पर भी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने कहा कि यह आईपीएल सीजन उनका अब तक का सबसे बड़ा सीजन होगा। शॉ ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए अब तक पांच आईपीएल संस्करणों में भाग लिया है जिससे सीजन 2021 उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ साबित हुआ। उन्होंने 159.14 के स्ट्राइक रेट सहित 31.93 की औसत से 479 रन बनाए। पोंटिंग ने कहा, 'यह अच्छी तरह से प्रलेखित है कि मेरे पास शुरुआत में कुछ मुद्दे थे,



लेकिन यह सिर्फ अपने आप के प्रति सच्चे होने और सर्वश्रेष्ठ बनने की इच्छा रखने के बारे में है।' पोंटिंग ने कहा, 'एक बात जो मैं हमेशा अपने खिलाड़ियों से कहता हूं, वह यह है कि मुझे आलस्य पसंद नहीं है और मुझे यह पसंद नहीं है कि लोग अपनी प्रतिभा का उपयोग नहीं कर रहे हैं। मैं हमेशा यही कहता हूं। पोंटिंग ने कहा, 'और इसलिए एक कोच के रूप में यह मेरा काम है। अगर मैं देख सकता हूं कि लोग उतनी मेहनत नहीं कर रहे हैं जितनी उन्हें करनी चाहिए, वे उनमें से अधिकतर नहीं प्राप्त कर रहे हैं, तो यह मेरे ऊपर है कि मैं कोशिश करूं और इसे बदलूं। इसलिए तुम्हें पता है, मुझे ऐसा लगता है कि इस सीजन में पृथ्वी ने में वास्तव में कुछ क्लिक किया गया है। वह पहले से कहीं बेहतर स्थान पर लगता है। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने कहा, 'मैंने जितना देखा है, उससे कहीं अधिक कठिन और बेहतर प्रशिक्षण लिया है। मुझे पूरा यकीन है कि आईपीएल में आगे बढ़ रहा है, वह पहले से कहीं बेहतर शारीरिक आकार में है। और मैंने दूसरे दिन उससे उसके रवैये के बारे में बात की और जिस तरह से वह काम कर रहा है और चीजें कैसे चल रही हैं। मुझे ईमानदारी से लगता है कि यह आईपीएल में उनका अब तक का सबसे बड़ा सीजन होने वाला है।'

## अय्यर की पीठ की समस्या से अजय जडेजा हैरान, कहा- पहले कभी किसी बल्लेबाज के बारे में नहीं सुना

**नई दिल्ली।** श्रेयस अय्यर की पीठ की चोट ने टीम इंडिया को मुश्किल में डाल दिया है क्योंकि प्रबंधन अब एकदिवसीय प्रारूप में विकल्प तलाश रहा है। अय्यर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पीठ में चोट लग गई थी। वनडे विश्व कप और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल करीब है और भारत को अपने मध्य क्रम को मजबूत करने के लिए उनकी सेवाओं की आवश्यकता होगी। इंडियन प्रीमियर लीग अगले सप्ताह 31 मार्च से शुरू होने वाला है और अय्यर के कैश-रिच इवेंट में भाग लेने की भी संभावना नहीं है। वहीं पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा का कहना है कि अय्यर की बार-बार होने वाली पीठ की समस्या से हैरान हैं क्योंकि इससे पहले कभी बल्लेबाज के पीठ की चोट के बारे में नहीं सुना।जडेजा ने एक क्रिकेट वेबसाइट से बातचीत में कहा, 'तीन महीने के लिए? यह भी कुछ नया है जो मैं सुन रहा हूं। चोट तो हर समय लगती है लेकिन पीठ की सर्जरी एक बल्लेबाज के लिए? यह कुछ ऐसा है जो मैंने पहले कभी नहीं सुना। यहां तक कि बल्लेबाजों की भी पीठ की सर्जरी हो रही है? ये तो खेल से कड़ी मेहनत जुडी हुई है उसका थोड़ा ध्यान देना पड़ेगा। ये जो लोहा उठा रहा है, तो हुआ होगा (यह सब खेल के अंदर और आसपास होने वाली चीजों के कारण है। भारोत्तोलन के अपने फायदे हैं), लेकिन हमें दूसरा पक्ष भी देखने को मिलता है। आशा है कि वह ठीक हो जाएगा।

अय्यर को पीठ की सर्जरी की सलाह दी गई है। लेकिन वह इससे बचते आ रहे हैं। वहीं उनके आईपीएल से पूरी तरह बार बाहर होने पर संश्य है जबकि पहले कुछ मैचों से वह दूर रहेंगे। केकेआर प्रबंधन से जल्द ही एक आधिकारिक अपडेट साझा करने की उम्मीद है जिसके बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। वहीं केकेआर के नए कप्तान की घोषणा का फैसला भी अय्यर की मौजूदगी और गैरमौजूदगी पर पर टिका है।

# विदेश संदेश

## यूएमएल की समर्थन वापसी के बावजूद नेपाल में बागमती राज्य सरकार ने विश्वास मत हासिल किया

**काठमांडू।** नेपाल में केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन (यूएमएल) के बागमती प्रांतीय सरकार से अलग होने के बावजूद मुख्यमंत्री शालिकराम जम्कट्टेल को विश्वास मत मिला है। आज नेपाली कांग्रेस सहित अधिकांश सांसदों ने मतदान में हिस्सा लिया।



बागमती प्रांतीय सरकार के स्पीकर भुवन पाठक ने बताया कि बैठक में मौजूद 91 सांसदों में से 67 ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। विपक्ष में 17 सांसदों ने मतदान किया और 7 तटस्थ रहे। विश्वास मत से पहले यूएमएल के चार मंत्रियों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। केंद्र सरकार से यूएमएल की वापसी के बाद इसे प्रांतों से भी पीछे हटने के लिए मजबूर किया गया है। बागमती प्रांत के मुख्यमंत्री शालिकराम जम्कट्टेल सीपीएन (एमसी) के नेता हैं, जिसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड हैं।

## फ्रांस में राष्ट्रपति मैक्रों के पेंशन सुधार विवाद को लेकर प्रदर्शन

**पेरिस ।** राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के पेंशन सुधारों को लेकर भी देश में अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन जारी रहा। इस कारण ट्रेन यातायात पर असर पड़ा। मार्सिले के वाणिज्यिक बंदरगाह तक ट्रकों की कतारें लग गईं। वहीं, बृहस्पतिवार को देश में हुए प्रदर्शन के कारण मची तबाही सड़कों पर शुक्रवार को भी नजर आई। पेरिस में और आसपास से 450 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया।

### पीटीआई का सोशल मीडिया प्रमुख गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के खिलाफ अभियान चलाने के बाद पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी (पीटीआई) के सोशल मीडिया प्रमुख अजहर मशवानी को गिरफ्तार किया गया है। संघीय जांच एजेंसी ने अभियान के खिलाफ पीटीआई से जुड़े लोगों पर कार्रवाई की। इस संबंध में आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियों की संभावना है। पीटीआई के राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने अभी तक 740 लोगों को गिरफ्तार किया।

### ब्राजील में हिंसक झड़प, 13 की मौत

**ब्राजिलिया।** रियो डी जेनेरियो में पुलिसकर्मियों और अज्ञात बदमाशों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई है। यह हिंसक झड़प उस वक्त हुई, जब पुलिस ने एक गिरोह के सरगना को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही थी। हिंसक झड़प में मारे गए सभी संदिग्ध अपराधी थे। शहर में हुई हिंसक झड़प में मरने वालों में लियोनार्डो कोस्टा अरुजो उत्तरी राज्य पारा के एक ड्रग गिरोह का सरगना आरोपी है।

## सऊदी अरब भी बिना शर्त नहीं देगा ऋण

**दुबई।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। आईएमएफ की वित्तीय मदद पहले ही रुकी हुई थी कि अब सऊदी अरब ने इस्लामाबाद को बिना शर्त ऋण देने से इनकार कर दिया है। वहीं, हाल में आई संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में 2022 में आई विनाशकारी बाढ़ के छह महीने बाद भी एक करोड़ से अधिक लोगों को, सुरक्षित जल व स्वच्छता उपलब्ध नहीं है। संकट से उबरने के लिए पाकिस्तान अपने 'मित्र देश' सऊदी अरब से ऋण की आस लगाए बैठा था। लेकिन इसने पाकिस्तान को कोई राहत पैकेज या ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करने से इनकार कर दिया है। इस फैसले से सरकार भी झटके में है। वित्त मंत्री को यह कहना पड़ा कि यहां तक कि मित्र देश भी पाकिस्तान को उसके आर्थिक आपातकाल से बाहर निकालने में मदद करने के इच्छुक नहीं हैं। हाल ही में पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात करने के लिए दौरा किया था। लेकिन वो भी देश के लिए आपातकालीन फंडिंग जारी करने के लिए राजी नहीं कर सके।जनवरी में दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में ही सऊदी अरब के वित्त मंत्री मोहम्मद अल-जदान ने सरकार की नई नीति को स्पष्ट कर दिया था। पाकिस्तान को लेकर एक बयान में उन्होंने कहा था, 'हम बिना किसी शर्त के सीधे अनुदान और जमा राशि देते थे लेकिन अब हम इसे बदल रहे हैं।' आगे उन्होंने कहा था कि 'हम अपने लोगों पर कर लगा रहे हैं, हम दूसरों से भी ऐसा ही करने की उम्मीद कर रहे हैं।

# चॉकलेट फैक्ट्री में विस्फोट, दो लोगों की मौत, नौ लापता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पेनसिल्वेनिया प्रांत की एक चॉकलेट फैक्ट्री में हुए जोरदार विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गयी। हादसे में घायल आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। घटना के बाद नौ लोग लापता बताए जा रहे हैं। घटनास्थल पर राहत कार्य जारी है। पुलिस लापता लोगों को तलाशने के साथ मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक पेनसिल्वेनिया के वेस्ट रीडिंग क्षेत्र में आरएम पाल्मर कंपनी का चॉकलेट उत्पादन संयंत्र लगा है। पेनसिल्वेनिया पुलिस के वेस्ट रीडिंग क्षेत्र के प्रमुख ने बताया कि शाम 4.57 बजे अचानक तेज विस्फोट हुआ। विस्फोट में चॉकलेट फैक्ट्री के भवन का एक हिस्सा गिर गया और बड़े हिस्से को नुकसान पहुंचा। पुलिस के मुताबिक विस्फोट में दो लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और नौ लोग लापता हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। विस्फोट के कारण लगी आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को लगाया गया। आग इतनी तेज थी कि कई किलोमीटर दूर तक धुएं के गुबार दिख रहे थे। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक विस्फोट के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। फिलहाल पुलिस विस्फोट के कारणों की जांच के साथ लापता लोगों की तलाश में लगी है। पुलिस का कहना है कि अब कोई खतरा नहीं है लेकिन पुलिस ने लोगों को फैक्ट्री की तरफ जाने से एहतियातन मना किया है।



स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हादसे में घायल आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से दो की हालत गंभीर है।

## कोशी प्रांत के नामकरण विरोधी प्रदर्शन में घायल व्यक्ति की मौत के बाद सुरक्षा व्यवस्था सख्त

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्वी प्रांत कोशी के नामकरण के विरोध में 20 मार्च को हुए प्रदर्शन के दौरान घायल एक व्यक्ति की मौत होने के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया है। इसके मद्देनजर सरकार ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। इस घटना में प्रदर्शनकारी पदम बहादुर लिंबू घायल हुए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उसके बाद सरकार ने कोशी प्रांत की राजधानी बिराटनगर, धरान के प्रमुख शहर दमक समेत अन्य जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। घटना को लेकर प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड काफी गंभीर हैं। सरकार की प्रवक्ता एवं मंत्री रेखा शर्मा ने कहा कि उनके निर्देशन में गृह मंत्रालय ने 20 मार्च को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। शर्मा के मुताबिक सरकार ने पहले ही असंतुष्ट पार्टियों से बातचीत शुरू कर दी है। हालांकि जाति का मुद्दा उठाने वाले असंतुष्ट समूह ने यह शर्त रखी है कि कोशी प्रांत की जगह अलग-अलग जाति के नाम रखे जाने चाहिए। नेपाल के सात प्रांतों में कोशी प्रांत का नाम आखिरी बार इसी साल मार्च में ही रखा गया था।

**सरकार की प्रवक्ता एवं मंत्री रेखा शर्मा ने कहा कि उनके निर्देशन में गृह मंत्रालय ने 20 मार्च को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। शर्मा के मुताबिक सरकार ने पहले ही असंतुष्ट पार्टियों से बातचीत शुरू कर दी है।**

## हमलों के विरोध में भारतीय अमेरिकी समुदाय ने सैन फ्रांसिस्को में निकाली रैली

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास पर खालिस्तान समर्थकों के हमलों के विरोध में भारतीय अमेरिकी समुदाय ने रैली निकाली। रैली में शामिल लोग भारत के साथ एकजुटता का संदेश दे रहे थे। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों ने तोड़फोड़ की थी। खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की ओर से लगाए गए अस्थायी सुरक्षा अवरोधकों को तोड़ दिया था और वाणिज्य दूतावास परिसर के अंदर दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे लगा दिए थे। हालांकि वाणिज्य दूतावास के दो कर्मियों ने जल्द ही इन झंडों को हटा दिया। इसी घटना के विरोध में भारत के साथ एकजुटता दिखाने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकियों ने सैन फ्रांसिस्को और उसके आसपास तिरंगा झंडा फहराया। रैली निकालकर भारतीय अमेरिकी भारतीय वाणिज्य दूतावास तक पहुंचे। इन लोगों ने अलगाववादी सिखों की गतिविधियों की निंदा की। मौके पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय पुलिस मौजूद थी। इस दौरान वहां पहुंचे कुछ अलगाववादी सिखों ने खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए, लेकिन बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों ने 'वंदे मातरम' के नारे लगाए और अमेरिका के साथ भारतीय राष्ट्रीय ध्वज लहराया। भारतीय-अमेरिकी भारत के पक्ष में नारे लगा रहे थे।



## ईरानी लड़ाकों को मारने के लिए अमेरिका ने सीरिया पर बरसाए बम, बाइडन ने दी चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरानी लड़ाकों के बीच जंग का मैदान सीरिया बन रहा है। सीरिया में अमेरिकी ठिकाने पर ड्रोन हमले में एक अमेरिकी कांट्रैक्टर की मौत के बाद अमेरिका ने सीरिया पर बम बरसाए। ईरानी लड़ाकों पर एयर स्ट्राइक के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान को चेतावनी भी दी है। बाइडन ने कहा है कि वह अमेरिकी नागरिकों को बचाने के लिए कड़ी कार्रवाई करेंगे। सीरिया में अमेरिका व ईरानी लड़ाकों के बीच घमासान जारी है। सीरिया स्थित अमेरिकी सेना के एक शिविर पर ड्रोन हमले में एक अमेरिकी कांट्रैक्टर की मौत हो गयी थी और पांच अमेरिकी सैनिक घायल हो गए थे। इसके तुरंत बाद अमेरिकी के अन्य शिविर पर मिसाइल हमला भी हुआ, किन्तु इस मिसाइल हमले में किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है।अमेरिका ने ईरान समर्थित ताकतों को इन हमलों के लिए जिम्मेदार बताया था। ईरान समर्थित ताकतों ने भी इन हमलों के बाद एक ऑनलाइन बयान में कहा कि उनके हाथ बहुत लंबे हैं और वह अमेरिका के ठिकानों पर हमला करने की ताकत रखते हैं। इसके बाद अमेरिका ने जवाबी कार्रवाई की है। सीरिया में ही जवाब देते हुए अमेरिका ने ईरानी लड़ाकों के ठिकानों पर हवाई हमला किया। अमेरिका के एफ-15 लड़ाकू विमानों ने ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स से संबंधित संगठनों के सीरिया स्थित दो ठिकानों पर हमले कर बम बरसाए। सीरिया में मानवाधिकारों के लिए काम करने वाली एक संस्था का दावा है कि इस अमेरिकी हमले में आठ ईरान समर्थित लड़ाके मारे गए हैं।



## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का बयान, वित्त मंत्रालय के पास चुनाव कराने के लिए धन नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ द्वारा जल्दी चुनाव कराने के लिए चल रहे आंदोलन के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय के पास चुनाव कराने के लिए जरूरी धन नहीं है।

पाकिस्तान की तहरीक ए इंसाफ पार्टी की तत्कालीन सरकारों ने 14 और 18 जनवरी को पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की विधानसभाओं को भंग कर दिया था। इसके बाद एक मार्च को पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा भंग होने के 90 दिनों के भीतर दोनों राज्यों में चुनाव कराने का आदेश दिया था। इसके तहत अप्रैल में पंजाब और मई में खैबर पख्तूनख्वा में चुनाव होने थे लेकिन अब चुनाव आयोग ने पंजाब में होने वाले प्रांतीय चुनाव को स्थगित करने का आदेश दिया है। देश में कानून व्यवस्था की खराब स्थिति का हवाला देते हुए चुनाव आयोग ने यह कदम उठाया है। जिसका इमरान खान की पार्टी द्वारा विरोध किया जा रहा है। इस विरोध के बीच ही पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का बयान चर्चा में आ गया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया से बातचीत में ख्वाजा आसिफ ने कहा कि देश के वित्त मंत्रालय के पास चुनाव कराने के पैसे नहीं हैं। उनके इस बयान से साफ इशारा मिल रहा है कि पाकिस्तान की सरकार फिलहाल चुनाव नहीं कराना चाहती और इसे इमरान खान के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। ख्वाजा आसिफ ने ये भी कहा कि इमरान खान की पार्टी की तत्कालीन सरकारों द्वारा राज्य विधानसभाओं को भंग करना असंवैधानिक था। उन्होंने कहा कि देश की सत्ता से इमरान खान को संवैधानिक तरीके से ही बाहर किया गया था। वह विश्वास मत से हारे और अब वह कोर्ट के सामने भी पेश नहीं हो रहे हैं।



## यूएन की रिपोर्ट, जल के मामले में गंभीर रूप से असुरक्षित देश है पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के जल, पर्यावरण और स्वास्थ्य संस्थान की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के साथ 22 दूसरे देशों को जल के मामले में गंभीर रूप से असुरक्षित क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया है। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय की तरफ से वैश्विक जल सुरक्षा 2023 रिपोर्ट जारी की गई जिसमें कहा गया है कि तीन अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों के 33 देशों में उच्च स्तर की जल सुरक्षा है लेकिन सभी क्षेत्रों में ऐसे देश भी हैं जहां निम्न स्तर की जल सुरक्षा है। साथ ही कहा गया है कि मौजूदा परिदृश्य में चार में से तीन लोग जल के मामले में असुरक्षित देशों में रहते हैं। जल संबंधी आपदाओं की तुलना में अधिक लोग सुरक्षित पेयजल या स्वच्छता सेवाओं की कमी के चलते मरते हैं।



# 'गांधीवादी विचारधारा के साथ विश्वासघात' : राहुल की सजा पर आया अमेरिकी सांसद का बयान

**जेनेवा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा और फिर लोकसभा सदस्यता जाने के मुद्दे पर जहां भारत में पूरा विपक्ष बिफर गया है, वहीं इसे लेकर अब संयुक्त राष्ट्र से लेकर अमेरिकी सांसद तक के बयान सामने आए हैं। भारतीय मूल के प्रभावशाली अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने राहुल गांधी को लोकसभा सदस्यता से ... है। रो खन्ना ने एक अन्य ट्वीट में कहा, 'भारतीय लोकतंत्र के हित के लिए आपके पास इस फैसले को पलटने की शक्ति है। वहीं, अमेरिका में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के उपाध्यक्ष जॉर्ज अब्राहम ने राहुल की अयोग्यता को भारत में लोकतंत्र के लिए एक दुखद दिन करार दिया। उन्होंने कहा, यह भारत में लोकतंत्र के लिए एक दुखद दिन है। राहुल गांधी को अयोग्य ठहराकर, मोदी सरकार हर जगह अभिव्यक्ति की आजादी और भारतीयों की आजादी के अधिकार के लिए मौत की घंटी बजा रही है।






**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

**सजा पर आ चुका है यूएन का बयान**

राहुल गांधी को सूरत कोर्ट की ओर से सुनाई गई सजा का मामला यूएन तक पहुंच चुका है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता फरहान हक का इस मसले पर शुक्रवार को ही बयान आया था।

उन्होंने कहा था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दो साल की जेल की सजा और कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ उनकी पार्टी द्वारा अपील करने की खबरों से संयुक्त राष्ट्र अवगत है।

फरहान हक ने प्रेस ब्रीफिंग में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'मैं कह सकता हूं कि हम राहुल गांधी के मामले से अवगत हैं। हम समझते हैं कि उनकी पार्टी फैसले के खिलाफ अपील करने की योजना बना रही है। इस स्तर पर मैं इतना ही कह सकता हूं।'

**क्या है मामला, जिसमें राहुल को मिली सजा?**

2019 लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक के कोलार में एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है? इसी को लेकर भाजपा विधायक व गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था।

उनका आरोप था कि राहुल ने अपनी इस टिप्पणी से समूचे मोदी समुदाय का मान घटाया है। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने 2019 के आम चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में आयोजित जनसभा में इस मामले से जुड़ी टिप्पणी की थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की अदालत ने पिछले दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए 23 मार्च की तारीख तय की। राहुल इस मामले की सुनवाई के दौरान तीन बार अदालत में पेश हुए। अक्तूबर 2021 में बयान दर्ज कराने के लिए अदालत पहुंचे राहुल ने खुद को निर्दोष बताया था। अब इसी मामले में राहुल को सजा सुनाई गई है।

# फ्रांस में पेंशन विवाद को लेकर लाखों लोग सड़क पर उतरे, रेल यातायात बाधित

**पेरिस।** फ्रांस में पेंशन के मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन बढ़ने के साथ हिंसक होता जा रहा है। विरोध प्रदर्शन के बीच 441 पुलिस कर्मी व अन्य अधिकारी भी घायल हो गए। वहीं 450 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने बोर्डो टाउन हॉल में आग लगी दी। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार को फ्रांस में करीब 10 लाख लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। वहीं राजधानी पेरिस में करीब 1 लाख 19 हजार लोग प्रदर्शन में शामिल हुए। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के पेंशन सुधारों को लेकर देश में अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन जारी रहा, जिसके कारण ट्रेन यातायात बाधित हुआ, मार्सिले के वाणिज्यिक बंदरगाह तक ट्रकों की कतारें लग गईं। वहीं, देश में हुए व्यापक प्रदर्शन के कारण मची तबाही सड़कों पर आज भी नजर आई। पेरिस में और आसपास से 450 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डारमैनिन ने बताया कि कुछ मार्च के दौरान हिंसा होने से करीब 441 पुलिस कर्मी व अन्य अधिकारी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले हुए प्रदर्शन में फ्रांस की राजधानी में 1,000 कूड़ेदान में आग लगा दी गई थी। एक सप्ताह से जारी कूड़ा उठाने वालों की हड़ताल के बीच कूड़ादान विरोध का प्रतीक बन गए हैं। उधर, ऊर्जा पारगमन मंत्री एग्नेस पेन्नर रंचर के अनुसार पुलिस के हस्तक्षेप के बाद नॉरमंडी स्थित रिफाइनरी में तेल की आपूर्ति शुक्रवार को बहाल हुई। गौरतलब है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न को विशेष संवैधानिक शक्ति का उपयोग करने का आदेश दिया था। उनके इस आदेश के बाद संसद को सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 64 करने के अति विवादित विधेयक को बिना मतदान के मंजूरी देने के लिए विवश किया गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार पेंशन विवाद को लेकर विरोध प्रदर्शन के ज़रिए प्रदर्शनकारी अपनी आवाज़ पहुंचाना चाहते हैं क्योंकि दूसरे किसी तरीक़े से ये सुधार वापस नहीं लिया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के चलते रेल यातायात और तेल रिफ़ाइनरी का काम प्रभावित हुआ और कुछ लोगों को चोटें भी आईं।



## '...तो होगी मौत और तबाही' : रिश्वत मामले में जांच के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने दी चेतावनी, समर्थकों से की यह अपील

**पेरिस।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर एडल्ट फिल्म में काम करने वाली स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देने के मामले में उन्हें दोषी ठहराया गया तो यह संभावित मौत और विनाश का कारण बनेगा। बता दें कि ट्रंप के निजी वकील की ओर से 2016 में एक पोर्न स्टार को रिश्वत देने के मामले में न्यूयॉर्क में जांच रही है। ट्रंप ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की जब करीब एक सप्ताह पहले उन्होंने दावा किया था कि उन्हें इस मामले में गिरफ्तार किया जाएगा। ऐसी स्थिति में उन्होंने अपने समर्थकों से प्रदर्शन के लिए तैयार रहने को कहा था। उन्होंने कहा, 'किस तरह का व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति पर आरोप लगा सकता है, इस मामले में अमेरिका के एक ऐसे पूर्व राष्ट्रपति पर आरोप लग रहे हैं, जिसे इतिहास में अब किसी भी राष्ट्रपति की तुलना में अधिक वोट मिले हैं और वर्ष 2024 के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के नामांकन के लिए अग्रणी उम्मीदवार (अब तक!) है।' उन्होंने कहा, 'यह सभी को पता है कि कोई अपराध नहीं किया गया है और यह भी पता है कि इस तरह के झूठे आरोप में संभावित मौत और विनाश हमारे देश के लिए घातक हो सकता है?।